page 1_Layout 1 17-09-2026 20:42 Page 1

डेली आवाज़ भारती

बुलंद भारत की बुलंद आवाज़

» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » शुक्रवार, 18 सितंबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :146 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल

आवश्यकता

'डेली आवाज़ भारती'
को विभिन्न क्षेत्रों में
न्यूज़ रिपोर्टरों की
आवश्यकता
इच्छुक एवं अनुभवी
पत्रकार संपर्क करें।
मो. +91 98766 79246

पीएम मोदी का 76वां जन्मदिन आज

देशभर में होंगे कई कार्यक्रम, घर-घर जलाए जाएंगे 'आशीर्वाद के दीये'

- राज्यों में सेवा व सामाजिक गतिविधियों से जुड़े कार्यक्रम भी होंगे
- नई दिल्ली के यशोभूमि में SEMICON India 2026 का उद्घाटन
- इस कार्यक्रम में 600 से ज्यादा कंपनियां व 52 देशों के प्रतिनिधि

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 76वां जन्मदिन मनाया जाएगा। इस मौके पर बीजेपी की ओर से देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बीजेपी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक 'सेवा पखवाड़ा' आयोजित कर रही है। इसके अलावा अलग-अलग राज्यों में सेवा और सामाजिक गतिविधियों से जुड़े कार्यक्रम भी होंगे। इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के यशोभूमि में SEMICON India 2026 का उद्घाटन किया। तीन दिन चलने वाले इस कार्यक्रम में 600 से ज्यादा कंपनियां और 52 देशों के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। देशभर में जन्मदिन के मौके पर होने वाले इन कार्यक्रमों के जरिए सेवा और सामाजिक गतिविधियों पर जोर दिया जा रहा है। घर-घर के बाहर 'आशीर्वाद का दीया' जलाने की अपील की। मध्य प्रदेश में 58 लाख, छत्तीसगढ़ में 36 लाख, हरियाणा में 79.52 लाख और पश्चिम बंगाल में 70 लाख दिए जलाने की तैयारी है। मुंबई में महाआरती, दीप प्रज्वलन, रक्तदान शिविर और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं वाराणसी से गुजरात के वडनगर करीब 1300 किमी तक की बाइक यात्रा भी निकाली जा रही है। वाराणसी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में करीब 500 बाइक की यात्रा को रवाना किया जाएगा। इस अभियान का समापन 7 अक्टूबर को होगा।

प्रयागराज में प्रार्थना और गंगा आरती

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में पीएम मोदी के जन्मदिन पर विशेष प्रार्थना व गंगा आरती होगी। हरियाणा में भी प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर 'नशा मुक्त नमो मैराथन' का आयोजन किया जाएगी। लखनऊ में भी बड़े सम्मेलन और सेवा से जुड़े कार्यक्रमों की तैयारी है।

NHAI पर दिखा सुप्रीम कोर्ट का असर, हर सौ किलोमीटर पर बनेगा एक 'पशु आश्रय स्थल'; SOP जारी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजमार्गों पर बेसहारा पशुओं की समस्या देश के कई राज्यों में है। इनके कारण होने वाले हादसों पर स्वत- संज्ञान लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए आदेश का पालन करते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) बनाकर राष्ट्रीय राजमार्गों से बेसहारा पशुओं को हटाने और उन्हें आश्रय स्थल तक पहुंचाने व पालन तक की जिम्मेदारी तय कर दी है। हाईवे के संचालन से संबंधित एजेंसियों का जिम्मा इन पशुओं को हाईवे से सुरक्षित हटाने का होगा। राज्य सरकार व जिला प्रशासन का जिम्मा प्रति सौ किलोमीटर (संवेदनशील हिस्सों में 50 किलोमीटर) के दायरे में आश्रय स्थल, पशु बाड़ा या गौशाला स्थापित करने व संचालित करने का होगा। बेसहारा पशुओं को राष्ट्रीय राजमार्गों से हटाने की तैयारी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा राज्यों को भेजी गई एसओपी के अनुसार भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) या नेशनल हाईवे के संचालन व रखरखाव से संबंधित एजेंसी द्वारा नेशनल हाईवे और एक्सप्रेसवे पर उन स्थलों को चिह्नित किया जाएगा।

जम्मू-कश्मीर में 2 आतंकियों का एनकाउंटर

- पहचान व संगठन की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है
- जम्मू-कश्मीर में अबतक इस साल 15 आतंकी घटनाएं हुईं
- इन घटनाओं में 2 जवान शहीद और 3 नागरिकों की मौत

डेली आवाज भारती

जम्मू-कश्मीर के ऊधमपुर में सुरक्षाबलों ने बुधवार को 2 आतंकियों का एनकाउंटर कर मार गिराया है। दोनों आतंकियों के पाकिस्तानी होने और कश्मीर टाइगर्स (KT) या जैश-ए-मोहम्मद (JeM) से जुड़े होने की आशंका है। उनकी पहचान और संगठन की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।

सुरक्षाबलों का सर्च ऑपरेशन जारी



इस साल 15 आतंकी घटनाएं हो चुकी

एनकाउंटर के बाद सुरक्षा बलों की टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। बता दें कि जम्मू-कश्मीर में अब तक इस साल 15 आतंकी घटनाएं हो चुकी हैं। जिसमें सुरक्षाबलों ने 15 आतंकी मारे हैं, जबकि 2 जवान शहीद भी हुए हैं। इन आतंकी घटनाओं में 3 नागरिकों की मौत भी हुई है।

पंजाब सरकार का बड़ा फैसला

तीन आईएएस अफसरों का किया ट्रांसफर

सरकार ने जारी किए तबादले के आदेश

- प्रशासनिक स्तर पर फेरबदल किए गए
- बेहतर समन्वय स्थापित करने में अहम
- नई जिम्मेदारी संभालने की प्रक्रिया शुरू

डेली आवाज भारती



पंजाब सरकार ने 3 सीनियर ट्रूस अफसरों का ट्रांसफर किया है। इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी कर दिए गए हैं। सरकारी की तरफ से जारी लिस्ट के मुताबिक ट्रूस अनुराग वर्मा, जसप्रीत तलवार और अर्शदीप सिंह थिंड शामिल हैं। सरकार के इस कदम को प्रशासनिक कार्यों में और अधिक दक्षता लाने तथा विभिन्न विभागों में बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की उम्मीद

राज्य सरकार समय-समय पर प्रशासनिक जरूरतों और विभागीय कार्यों की समीक्षा के आधार पर अधिकारियों के दायित्वों में बदलाव करती रहती है। इन नियुक्तियों से संबंधित विभागों में कार्यों की गति बढ़ने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं, आदेश जारी होने के बाद संबंधित अधिकारियों ने अपनी नई जिम्मेदारियां संभालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

'आप' की नवगठित पीएसी की बैठक में पंजाब, गोवा और गुजरात चुनाव जीतने पर हुआ मंथन : मनीष सिसोदिया

पंजाब के लोग भगवंत मान को दोबारा सीएम चाहते हैं और गोवा-गुजरात के लोग भी बदलाव चाहते हैं : मनीष सिसोदिया

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली/सुकून महाजन। आम आदमी पार्टी की नवगठित पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी (पीएसी) की गुरुवार को पहली बैठक हुई। ÷आप÷ के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में उनके आवास पर हुई बैठक में पीएसी से जुड़े पंजाब के नए सदस्य सीएम भगवंत सिंह मान और मंत्री हरपाल सिंह चीमा भी शामिल हुए। वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से पंजाब, गोवा और गुजरात में होने वाले चुनावों को जितने को लेकर गहन मंथन हुआ। उन्होंने कहा कि पंजाब की जनता भगवंत सिंह मान के काम से बेहद खुश है और उन्हें दोबारा बतौर मुख्यमंत्री देखना चाहती है, जबकि गोवा और गुजरात की जनता भाजपा के कुशासन से त्रस्त हो चुकी है और अब बदलाव चाहती है। पीएसी की बैठक में हुई चर्चा के बारे में ÷आप÷ के वरिष्ठ नेता व पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया ने बताया कि नई पीएसी की पहली मीटिंग में सबसे पहले राजस्थान के बारां में मिली अप्रत्याशित जीत पर चर्चा हुई। जिस तरह से बारां के लोगों ने भाजपा की नीतियों को नकारा है, उससे यह उम्मीद बनी है कि आज भाजपा के सामने अगर एक बेहतर विकल्प खे । हो, तो लोग उसे देख रहे हैं और ढूंढ रहे हैं। बहुत जल्द अरविंद केजरीवाल, भगवंत मान और मैं राजस्थान के बारां जाकर वहां रोड शो करेंगे। मनीष सिसोदिया ने बताया कि दूसरी चर्चा पंजाब, गोवा और गुजरात



के चुनावों और वहां की तैयारियों पर हुई। वहां संगठन बहुत अच्छा काम कर रहा है और पंजाब के लोग दोबारा सरकार चाह रहे हैं। गोवा और गुजरात में लोग बदलाव चाह रहे हैं और भाजपा से आहत होकर बदलाव ढूंढ रहे हैं। इस बात पर भी चर्चा हुई कि इसे जीत में कैसे बदला जाए। मनीष सिसोदिया ने बताया कि पीएसी में तीसरी चर्चा यूपीआई को लेकर हुई। सरकार ने ट्रंप के दबाव में यूपीआई को लेकर जो फैसला लिया है, उससे पूरे देश के लोग ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। इस बात पर चर्चा हुई कि कैसे लोगों को अपना पैसा खर्च करने के लिए अब फीस चुकानी पड़ेगी। यह बड़ा अजीब है कि आज रिजर्व बैंक हमें एक नोट जारी करता है और जब हम उसे खर्च करते हैं, तो उस नोट को बनाने और देने का सारा खर्चा रिजर्व बैंक और सरकार उठाती है। अगर मेरी जेब में 100 रुपए का नोट है, तो रिजर्व बैंक मुझसे यह नहीं कहता कि मुझे 101 रुपए दो तब मैं 100 रुपए दूंगा, बल्कि उसकी वैल्यू मेरे लिए 100 रुपए ही होती है। मनीष सिसोदिया ने आगे कहा कि लेकिन यूपीआई में, जिसमें कोई खर्चा नहीं हो रहा और कोई प्रिंटिंग नहीं हो रही, उसमें ट्रंप के दबाव में आम जनता के ऊपर बोझ डाला जा रहा है। इस पूरे स्कैम का 80 फीसद फायदा अमेरिकी कंपनियों को होगा। मोदी जी ने ट्रंप के दबाव में यह फैसला लिया है और पीएसी में इसकी जोर-शोर से चर्चा हुई। इस मुद्दे को पार्टी और संगठन की तरफ से उठाया जाएगा।

मनीष सिसोदिया ने कहा कि एक और महत्वपूर्ण चर्चा इस खुलासे पर हुई कि दिल्ली के पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने कैसे फर्जी वोट का खेल खेला था। अभी एक मीडिया रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि कैसे अरविंद केजरीवाल की नई दिल्ली विधानसभा में अचानक चुनाव से पहले फर्जी वोट बनाए जाते हैं।

चंडीगढ़ में आज भारत टैक्सी की लॉन्चिंग : किराया कम, ड्राइवरों को ज्यादा कमीशन

ओला-ऊबर, इनड्राइव का लाइसेंस सस्पेंड कर चुका प्रशासन

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। में कल से भारत टैक्सी शुरू होगी। ये स्कीम केंद्रीय सहकारिता विभाग की है। इसका उद्घाटन शाम 4 बजे प्रशासक गुलाब चंद कटारिया करेंगे। उनके साथ केंद्रीय सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल और केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। रोचक बात ये है कि चंडीगढ़ प्रशासन ने हाल ही में शहर में ओला, उबर और इनड्राइव के लाइसेंस 6 महीने के लिए सस्पेंड कर दिए थे। उसके बाद इसकी लॉन्चिंग हो रही है। इस मॉडल में ड्राइवरों को सिर्फ कर्मचारी नहीं, बल्कि प्लेटफॉर्म में हिस्सेदार बनाने पर जोर दिया गया है। ओला और उबर जैसे एप में पीक ऑवर्स में किराया अचानक बढ़ जाता है, जिससे पैसेंजर्स परेशान होते हैं। भारत टैक्सी एप में ऐसा नहीं होगा। किराया स्थिर रखने की कोशिश की जाएगी। ये एप सरकारी पहल का हिस्सा है, इसलिए पैसेंजर्स को सस्ती और भरोसेमंद सर्विस मिलेगी।

भारत टैक्सी के बारे में सब कुछ जानिए :

सवाल: भारत टैक्सी सर्विस क्या है?

जवाब: केंद्र सरकार का सहकारी मॉडल पर आधारित भारत का पहला कैब राइडिंग प्लेटफॉर्म है। इसे ओला, उबर और रैपिडो जैसी



कंपनियों के विकल्प के रूप में शुरू किया गया है। इसमें ड्राइवर्स को 'सारथी' कहा जाता है। इस मॉडल में 'सारथी' केवल सेवा प्रदाता नहीं है। बल्कि वे निर्णय लेने की प्रक्रिया का भी हिस्सा होंगे और बोर्ड मेंबर के रूप में भी अपनी भागीदारी निभा सकेंगे। यही नहीं शेयर खरीदकर 'सारथी' कंपनी के शेयर होल्डर भी बन सकेंगे।

सवाल: भारत टैक्सी सर्विस में ड्राइवर्स कैसे रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं?

जवाब: भारत टैक्सी एप्लिकेशन के माध्यम से कोई भी ड्राइवर (सारथी) रजिस्ट्रेशन करा सकता है। मोबाइल एप्लिकेशन गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। रजिस्ट्रेशन के लिए ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, गाड़ी की आरसी और पासपोर्ट साइज फोटो की आवश्यकता होगी। दस्तावेजों का सत्यापन मिनिस्ट्री ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाईवे करती है। इसके बाद ड्राइवर्स को भारत टैक्सी प्लेटफॉर्म से जोड़ दिया जाता है।

सवाल: भारत टैक्सी सर्विस में ड्राइवर्स को क्या-क्या फायदे होंगे?

जवाब: सबसे बड़ी बात यह है कि 'सारथी' को फ्री में राइड बुकिंग मिलेगी। किसी प्रकार का कमीशन नहीं देना पड़ेगा। प्राइवेट कंपनियों में सब्सक्रिप्शन चार्ज देना पड़ता है। राइड की जितनी भी कमाई होगी, सीधे ड्राइवर्स को मिलेगी।

'सारथी' को ई-श्रम जैसी सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। 'सारथी' भारत टैक्सी के शेयर खरीदकर शेयर धारक बन सकेंगे।

बीमा एवं विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। ड्राइवर्स के लिए स्थायी और सम्मानजनक आय के अवसर उपलब्ध होंगे।

कनाडा को लॉरेंस गैंग की खुली धमकी!

लेटर में लिखा- अब हम यहां राज करेंगे

- साल 2025 में कनाडा के पुलिस और सुरक्षा अधिकारियों को भेजा गया था लेटर
- लेटर में लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने कनाडा में अपने नेटवर्क को लेकर बड़े दावे किए हैं
- 5 हजार से ज्यादा गैंग के स्थानीय सदस्य, पैसों के बदले कर सकते गोलीबारी
- ये पहली बार नहीं, अगस्त 2025 में भी 1,000 से ज्यादा लोगों का किया था दावा



पहले सामने आया था 1,000 शूटरों का दावा

यह पहली बार नहीं है जब लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े किसी लैटर में कनाडा में बड़ी संख्या में लोगों के होने का दावा सामने आया हो। मई 2026 में एक कनाडाई पुलिस अधिकारी ने डिपोर्टेशन सुनवाई के दौरान बताया था कि अगस्त 2025 में अबॉट्सफोर्ड पुलिस को मिले एक लैटर में गैंग ने 1,000 से ज्यादा ऐसे लोगों का दावा किया था, जो गोलीबारी कर सकते हैं।

एशियन ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान हॉकी ने भारत आने से किया इनकार

- पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन की मांग खारिज करते हुए हॉकी इंडिया ने अपना रुख साफ कर दिया
- भारत ने किया साफ- प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भाग लेना है तो पाक टीम को भारत का दौरा करना होगा

डेली आवाज भारती

हॉकी इंडिया ने दिया करारा जवाब



भारत में आयोजित होने वाली आगामी एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन ने अपने मुकाबले किसी न्यूट्रल वेन्यू पर कराने की मांग रखी थी। पाकिस्तान ने इसके पीछे सुरक्षा व्यवस्था और दोनों देशों के बीच जारी मौजूदा राजनीतिक तनाव का हवाला दिया था। हालांकि हॉकी इंडिया ने इस मांग को पूरी तरह से खारिज करते हुए अपना रुख साफ कर दिया है। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने स्पष्ट किया कि यदि पाकिस्तान को इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भाग लेना है, तो उसकी टीम को भारत का दौरा करना ही होगा।

पंजाब के जालंधर और मोहाली में खेले जाएंगे सभी मुकाबले

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन 27 अक्टूबर से 5 नवंबर के बीच पंजाब में तय किया गया है। इस टूर्नामेंट में मेजबान भारत और पाकिस्तान के अलावा मलेशिया, चीन, जापान और दक्षिण कोरिया की टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता के लीग चरण के सभी मैच जालंधर में खेले जाएंगे, जबकि सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले मोहाली के स्टेडियम में आयोजित होंगे।

लॉरेंस बिश्नोई से जुड़े गैंग का कनाडा को धमकी देने वाला एक कथित लैटर सामने आया है

डेली आवाज भारती

भारत की जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से जुड़े गैंग का कनाडा को धमकी देने वाला एक कथित लैटर सामने आया है। कनाडाई मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, यह लेटर साल 2025 में कनाडा के पुलिस और सुरक्षा अधिकारियों को भेजा गया था। अब मीडिया में सामने आने के बाद इस लेटर का खुलासा हुआ है। लेटर में लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने कनाडा में अपने नेटवर्क को लेकर बड़े दावे किए हैं। इसमें कहा गया है कि गैंग के कनाडा में 5 हजार से ज्यादा सदस्य हैं और इनमें से लोग पैसों के बदले गोलीबारी कर सकते हैं। हालांकि, लैटर में किए गए इन दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। इससे पहले 2026 में कनाडाई पुलिस अधिकारी ने 2025 में अबॉट्सफोर्ड पुलिस को मिले लॉरेंस बिश्नोई गैंग के एक लैटर का जिक्र किया था।

कनाडा की मीडिया रिपोर्ट मुताबिक लेटर कनाडा के रक्षा मंत्री, सेना और पुलिस को संबोधित था और इसे 'Lawrence gang from India' के नाम से साइन किया गया था। यह लैटर अब कनाडा के Immigration and Refugee Board यानी IRB की कार्यवाही से जुड़े दस्तावेजों का हिस्सा है। रिपोर्ट के अनुसार, यह सामग्री Access to Information request के जरिए सामने आई है। लैटर में क्या लिखा था ⁼ कथित लेटर में कनाडाई अधिकारियों को चुनौती देते हुए कहा कि गैंग के पास कनाडा में 5 हजार से ज्यादा सदस्य हैं। यह भी दावा किया कि गैंग के सदस्य करीब 1,000 डॉलर में गोलीबारी कर सकते हैं। लेटर में कनाडा पर कब्जा करने और वहां 'राज' करने की धमकी दी। इसमें पुलिस को भी चेतावनी दी गई कि अगर गैंग की गतिविधियों में दखल दिया गया तो गोलीबारी की घटनाएं देखने को मिल सकती हैं।

CMYK

page 2_Layout 1 17-09-2026 19:54 Page 1

संत बाबा ईशर सिंह जी ने नाम-सिमरन

गुरबाणी और सेवा के माध्यम से मानवता को दिखाई सही राह : नायब सिंह सैनी

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि संत-महापुरुषों का जीवन समाज को सही दिशा देने वाला होता है। संत बाबा ईशर सिंह जी ने अपना पूरा जीवन नाम-सिमरन, गुरबाणी, कीर्तन, सेवा और मानव कल्याण के लिए समर्पित किया। उनकी साधना और सेवा की परंपरा आज भी लाखों श्रद्धालुओं को प्रेरणा दे रही है। मुख्यमंत्री आज कुरुक्षेत्र के पिहोवा में जुरासी स्थित संत बाबा ईशर सिंह दरबार में संत बाबा ईशर सिंह जी राड़ा साहिब वालों के 51वें बरसी समागम में पहुंचे और उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी को 21 लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि किसी महापुरुष की बरसी केवल उनके जीवन को स्मरण करने का अवसर नहीं होती, बल्कि उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लेने का भी



अवसर होती है। संत भले ही शरीर रूप में हमारे बीच न हों, लेकिन उनकी वाणी, विचार और सेवा की परंपरा समाज को हमेशा मार्गदर्शन देती रहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन विशेष महत्व रखता है। आज देशभर में भगवान विश्वकर्मा जयंती मनाई जा रही है। भगवान विश्वकर्मा सृजन, निर्माण, कौशल और श्रम के प्रतीक हैं। इसके साथ ही, आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस भी है। इस अवसर पर देश और प्रदेश में सेवा, जनभागीदारी और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। संत बाबा ईशर सिंह जी के जीवन का स्मरण करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि उनका जन्म 5 अगस्त 1905 को पंजाब के पटियाला जिले के गांव आलोवाल में माता रतन कौर जी और सरदार राम सिंह नंबरदार जी के घर हुआ था। बचपन में उनका नाम गुलाब सिंह था। युवावस्था में उन्हें संत अत्तर सिंह जी रेरू साहिब वालों का सान्निध्य और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उनकी प्रेरणा से उन्होंने अमृत छका और गुलाब सिंह से ईशर सिंह बने। इसके बाद उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन सिमरन, सेवा और गुरमत के प्रचार-प्रसार में समर्पित कर दिया। नायब सिंह सैनी ने कहा कि संत बाबा ईशर सिंह जी की शिक्षाओं में सेवा और मानव कल्याण का विशेष महत्व रहा है। सेवा और समाज के प्रति समर्पण की भावना को आगे बढ़ाना ही ऐसे महान संतों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि संत बाबा मनी सिंह जी की अगुवाई में 51वां बरसी समागम पूर्ण श्रद्धा और धार्मिक भावना के साथ आयोजित किया गया है। समागम के दौरान श्री अखंड पाठ साहिब एवं सहज पाठ साहिब के भोग, धार्मिक दीवान, संत समागम, कवि दरबार, अरदास और अमृत संचार जैसे विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हो रहे हैं। ये आयोजन संगत को गुरु-घर से जोड़ने और संतों की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इस अवसर पर मुख्य जत्थेदार बाबा मनी सिंह, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, वरिष्ठ भाजपा नेता जयभगवान, जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर मौर, बाबा सुरजीत सिंह, बाबा दिलबाग सिंह, सरपंच निशान सिंह, मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी, उपायुक्त विश्राम मीणा सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। समागम में बड़ी संख्या में साध-संगत ने भी भाग लिया।

आम लोगों को महंगाई से त्रस्त करके दीये जलाने में जुटी भाजपा सरकार : दुष्यंत चौटाला

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि इस बार कमजोर मानसून के कारण फसलें अगेती है इसलिए मंडियों की तरफ बाजरा आना शुरू हो गया है और कुरुक्षेत्र, अंबाला, करनाल, यमुनानगर सहित अनेक जिलों के किसान धान की खरीद जल्द शुरू करने की मांग कर रहे है। ऐसे में केंद्र और राज्य सरकार को तुरंत मंडियों में बाजरे और धान की खरीद की व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। दुष्यंत चौटाला ने मांग करते हुए कहा कि एक अक्टूबर की बजाय 20 सितंबर से धान और बाजरे की खरीद शुरू की जाए। वे वीरवार को जींद जिले के दौरे के दौरान प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। दुष्यंत चौटाला ने ये भी कहा कि कम मानसून के बावजूद प्रदेश का रोड नेटवर्क कमजोर है, जो कि सड़क विकास कार्यों में गड़बड़ी को दर्शाता है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अगर समय रहते सरकार ने सड़कों का सुधार नहीं किया तो आने वाले धुंध के समय में टूटी-फूटी सड़कों पर लोगों की जान का जोखिम बढ़ेगा। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आज भाजपा सरकार दोहरी महंगाई की मार से आम लोगों को त्रस्त करके दीये जलाने में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि सरपंचों पर 50-50 दीये बांटकर दिये जलाने का दबाव सरकार बना रही है। अगर सरकार को असलियत में लोगों के घरों में दीये जलाने थे तो पेट्रोल-डीजल, घरेलू गैस के दामों में कटौती करनी थी। पूर्व डिप्टी सीएम ने यूपीआई पेमेंट पर लगाए गए टैक्ट का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि भाजपा सरकार डिजिटल पेमेंट पर नया कानून बनाकर आम आदमी की जेब पर अतिरिक्त बोझ बढ़ा रही है और नए-नए टैक्स लगाकर अपना खजाना भरने में लगी हुई है। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से सीधा सवाल करते हुए कहा कि जींद मेडिकल कॉलेज दो साल पहले बनकर तैयार हो चुका है, लेकिन हैरानी की बात है कि आज तक न तो यहां पानी की व्यवस्था की गई है और न ही ओपीडी सेवाएं आरंभ की गई, जो कि सरकार की विफलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जींद जिला आज मेडिकल व्यवस्था से त्रस्त है, क्योंकि यहां सरकारी अस्पताल, पीएचसी-सीएचसी में मेडिकल स्टाफ की भारी कमी है। खराब मेडिकल व्यवस्था के चलते स्थानीय लोगों को उपचार के लिए हिसार, पानीपत, रोहतक, करनाल जैसे जिलों की तरफ मजबूरन रूख करना पड़ रहा है। दुष्यंत चौटाला ने सीएम से मांग करते हुए कहा कि जींद मेडिकल कॉलेज में जल्द ओपीडी की शुरुआत करवाएं ताकि स्थानीय लोग स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले सके। पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला व अन्य वरिष्ठ जेजेपी नेताओं ने जींद व सफीदों

यूपीआई पर फीस आम आदमी के लिए महंगाई की नई चोट : भूपेंद्र हुड्डा

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि यूपीआई भुगतान पर लगने वाली फीस आदमी पर महंगाई की नई चोट है। बीजेपी सरकार जनता को गुमराह करने के लिए कह रही है कि इससे ग्राहक पर बोझ नहीं आएगा। जबकि सच्चाई ये है कि जब-जब मर्चेंट फीस लगती है तो उसका बोझ हमेशा ग्राहक पर ही पड़ता है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने उदाहरण दिया कि पेट्रोल-डीजल पर लगने वाले टैक्स और तमाम फीस का भुगतान कभी तेल कंपनियां नहीं करती, उनका भुगतान आखिरकार ग्राहकों को ही करना पड़ता है। इसलिए आम जनता को तेल पर 40-50 प्रतिशत टैक्स देना पड़ता है। इसी तरह पंप वाले कार्ड से भुगतान पर खुद शुल्क नहीं देते, उसे 'फ्यूल सरचार्ज' के नाम से ग्राहक से वसूल लेते हैं। ज्वेलर्स बैंकों को दिए जाने वाले डेढ़-दो प्रतिशत एमडीआर की भरपाई के लिए बिल में 'कार्ड सरचार्ज' जोड़ देते हैं। आईआरसीटीसी, सिनेमा हॉल और ट्रेवल ऐप पेमेंट गेटवे का चार्ज 'कन्वीनिएंस फीस' कहकर यात्री से ले लेते हैं। कई दुकानदार छोटे बिल पर कार्ड लेने से मना कर देते हैं ताकि प्रोसेसिंग खर्च बच जाए और ग्राहक को ज्यादा खरीदारी करने पर मजबूर होना पड़ता है। रेस्तरां और बड़े स्टोर एमडीआर सीधे बिल में जोड़ना गैर-कानूनी होने के बावजूद 5 प्रतिशत 'सर्विस चार्ज' लगाकर वही पैसा ग्राहक से निकाल लेते हैं। यही हाल यूपीआई फीस का भी होगा। व्यापारी और बड़े मर्चेंट यह 0.4 प्रतिशत या अधिकतम 300 रुपये बिल में जोड़ देंगे। स्कूल-कॉलेज फीस, राशन, दवा, कपड़ा और रोजमर्रा की खरीद महंगी हो जाएगी। छोटे व्यापारियों को एक लाख रुपये तक की छूट का दावा कागजी है। क्योंकि उनके पास जो सामान पीछे से आएगा, उसके रेट में पहले से ही यूपीआई भुगतान की फीस जुड़ चुकी होगी। यानी वो सामान ग्राहकों को भी महंगा मिलेगा। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि डिजिटल इंडिया का नारा देने वाली सरकार अब उसी व्यवस्था पर टैक्स लगा रही है, जिसे आम आदमी ने इसलिए अपनाया था कि वह मुफ्त है। लेकिन अब उस व्यवस्था पर फीस थोपना जनता के साथ सीधा धोखा है। कांग्रेस मांग करती है कि यह फीस तुरंत वापस ली जाए। सरकार को आम आदमी पर महंगाई की मार मारने के नए-नए तरीके इजाद करने की बजाए, उसे राहत देने के रास्ते तलाशने चाहिए।

संगठनात्मक प्रदर्शन को और प्रभावी बनाएं, हर जिले की कार्य योजना हो स्पष्ट और परिणाम आधारित : संजय दत्त

डेली आवाज भारती



गुरुग्राम। हरियाणा में पार्टी मामलों के प्रभारी संजय दत्त की गरिमामय उपस्थिति तथा हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में ट्यूलिप क्लब हाउस, सेक्टर-70, बादशाहपुर (गुरुग्राम) में सभी जिला कांग्रेस कमेटियों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं सह प्रभारी जितेंद्र बघेल विशेष तौर पर उपस्थित रहे और इसका आयोजन गुरुग्राम ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वर्धन यादव द्वारा किया गया। बैठक में प्रदेश के सभी जिलों में चल रहे संगठनात्मक कार्यों, मंडल मैपिंग, ब्लॉक कांग्रेस सम्मेलनों, स्ट्रक्चर से संबंधित कार्यों, बूथ स्तर पर मतदाता सहायता केंद्रों तथा स्थानीय जन समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटियों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। इसके साथ ही आगामी तीन महीनों के लिए संगठनात्मक प्राथमिकताओं, कार्य योजना, आने वाले समय की चुनौतियो और भविष्य की तैयारियों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए हरियाणा में पार्टी मामलों के प्रभारी संजय दत्त ने कहा कि जिला कांग्रेस अध्यक्षों की मासिक समीक्षा बैठक संगठन को लगातार मजबूत करने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि, दृष्टि महासचिव (संगठन) के. सी. वेणुगोपाल जी द्वारा संगठन सृजन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रत्येक जिले की प्रदर्शन-आधारित संगठनात्मक रिपोर्ट मांगी गई है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिला कांग्रेस कमेटी को अपने संगठनात्मक कार्यों और गतिविधियों का स्पष्ट आकलन करते हुए यह सुनिश्चित करना होगा कि पार्टी का संगठन केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि बूथ और मंडल स्तर तक सक्रिय रूप से दिखाई दे।

छोटे कारोबारियों को समाप्त करने पर तुली मोदी सरकार : कुमारी सैलजा

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। सिरसा की सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं सीडब्ल्यूसी सदस्य कुमारी सैलजा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार की नीतियां छोटे कारोबारियों, स्वरोजगार करने वालों और युवाओं के हितों के विरुद्ध हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सरकार के इस जनविरोधी कदम पर पहली प्रतिक्रिया देते हुए पहले दी गई अपनी चेतावनी को दोहराया है। सरकार को जनहित में यह फैसला तत्काल वापस लेना चाहिए। कुमारी सैलजा ने कहा कि कारोबार को बढ़ावा देने के नाम पर छोटे दुकानदारों, स्वरोजगार से जुड़े युवाओं और छोटे-छोटे काम करके परिवार चलाने वाले लोगों पर अप्रत्यक्ष रूप से अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है। कहीं एक लाख रुपये की रियायत का दिखावा किया जा रहा है तो कहीं नए नियमों और शर्तों के माध्यम से आम कारोबारी की मुश्किलें बढ़ाई जा रही हैं। सरकार स्पष्ट करे कि आखिर उसकी वास्तविक नीति क्या है और इन फैसलों से किस वर्ग को लाभ पहुंचाया जा रहा है। सांसद ने कहा कि भाजपा सरकार की आर्थिक नीतियों में छोटे व्यापारियों और आम लोगों के हितों के बजाय बड़े कारोबारी समूहों तथा विदेशी दबावों की छाप दिखाई देती है। बड़े देशों के सामने झुककर लिए जाने वाले फैसलों से देश की अर्थव्यवस्था आत्मनिर्भर नहीं हो सकती। छोटे कारोबारियों को कमजोर करना केवल व्यापार क्षेत्र पर हमला नहीं, बल्कि रोजगार और स्वरोजगार के अवसर तलाश रहे लाखों युवाओं के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ है। कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकार जीडीपी के कितने भी आकर्षक आंकड़े प्रस्तुत करे, अर्थव्यवस्था की वास्तविक स्थिति आम आदमी की जिंदगी, उसकी आय, खर्च, रोजगार और बाजार की दशा से सामने आती है। महंगाई, बेरोजगारी और लगातार बढ़ते आर्थिक बोझ ने गरीब तथा मध्यम वर्ग की कमर तोड़ दी है।

हरियाणा: गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेसवे पर कार ने चार लोगों को कुचला, दो की मौत

डेली आवाज भारती



गुरुग्राम । हरियाणा के गुरुग्राम में गुरुवार देर रात द्वारका एक्सप्रेसवे पर एक कार ने चार लोगों को कुचल दिया। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई है, जबकि दो अन्य की हालत गंभीर है। घायलों को एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है गुरुग्राम पुलिस ने गुरुवार को बताया कि न्यू पालम विहार में श्री राम चौक के पास द्वारका एक्सप्रेसवे पर करीब 2:30 बजे एक हादसा हुआ। दिल्ली की तरफ से आ रही तेज रफ्तार सफेद कार ने एक्सप्रेसवे पर ग्रिल लगा रहे चार लोगों को टक्कर मार दी। घायलों में से दो की मौत हो गई, जबकि दो अन्य की हालत गंभीर है। फिलहाल, मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जबकि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इससे पहले, हरियाणा के करनाल में नेशनल हाईवे पर बसताड़ा टोल प्लाजा के पास सड़क दुर्घटना में पिता-पुत्र की मौत हो गई। सब इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने पत्रकारों को बताया कि सभी लोग करनाल की तरफ जा रहे थे। ये लोग मोटरसाइकिल पर सवार थे, जिन्हें एक कार ने टक्कर मार दी। मृतकों की पहचान मोहम्मद अर्श और मोहम्मद जफर के रूप में हुई। मृतकों के एक रिश्तेदार ने बताया कि वह मेरठ के रहने वाले थे। यहां मेहनत मजदूरी करते थे। उन्होंने बताया कि बेटे की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी, जबकि पिता ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि एक ग्रुप में फोटो शेयर हुए थे, जहां से हमने मृतकों की पहचान की। हमने पुलिस अधिकारियों से संपर्क किया और घटना की जानकारी ली। उन्होंने हमें थाने में बुलाया था। जिस गाड़ी ने टक्कर मारी थी, पुलिस ने उसे जब्त कर लिया। अभी तक इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है।

गुरुग्रामः हिट एंड रन मामले में एसआईटी गठित, एसीपी की निगरानी में होगी जांच

गुरुग्राम। गुरुग्राम के चर्चित गोल्फ कोर्स रोड हिट एंड रन मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए गुरुग्राम पुलिस ने एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया है। यह एसआईटी एसीपी की निगरानी में पूरे मामले की जांच करेगी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, एसआईटी में एसीपी के अलावा एक थाना प्रभारी, एक क्राइम ब्रांच प्रभारी और 2 एएसआई को शामिल किया गया है। टीम को जल्द से जल्द जांच पूरी कर साक्ष्य जुटाने और आरोपियों के खिलाफ मजबूत चार्जशीट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। गुरुग्राम की एक अदालत ने बुधवार को गोल्फ कोर्स रोड पर महिला बाइकर को टक्कर मारने के आरोपी ड्राइवर कल्याण बैंसला और उसके कजिन को दो दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया है।

जनसुनवाई में ऊर्जा मंत्री अनिल विज के कड़े तेवर, FIR दर्ज न होने व लापरवाही बरतने पर दो अलग-अलग चौकी इंचार्ज सस्पेंड

डेली आवाज भारती

अम्बाला। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने चोरी के अलग-अलग मामलों में कार्रवाई नहीं होने पर पुलिस अधिकारियों को के ी फटकार लगाई। उन्होंने एक मामले में एफआईआर दर्ज नहीं करने और एक अन्य मामले में एफआईआर दर्ज करने में देरी करने पर अम्बाला छावनी के हाउसिंग बोर्ड पुलिस चौकी और तोपखाना पुलिस चौकी इंचार्जों को सस्पेंड करने के निर्देश दिए। विज अम्बाला छावनी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में अम्बाला छावनी क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुन रहे थे। इस अवसर पर एसडीएम कनिका गोयल, नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्ण कौर, उपाध्यक्ष ललता प्रसाद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, पार्षद व भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। ऊर्जा मंत्री अनिल विज को स्टाफ रोड निवासी युवती ने शिकायत देते हुए बताया कि गत 9 सितंबर को उनके घर में चोरों ने जबरन दाखिल होकर उसके पिता को नशीला पदार्थ देकर बेहोश कर दिया और चोर घर से 20 तोले सोना व नकदी चुरा ले गए। युवती का आरोप था कि इस मामले में तोपखाना पुलिस चौकी को शिकायत देने के बाद केस दर्ज नहीं किया गया जबकि उनके पास सीसीटीवी फुटेज भी है और आज जब उसने पुलिस को बताया कि वह मंत्री अनिल विज को शिकायत देने जा रही है तो आनन-फानन में केस दर्ज किया गया। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने मामले में मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों को के ी फटकार लगाई जिसके बाद उन्होंने तोपखाना पुलिस चौकी इंचार्ज को सस्पेंड करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जब सारे सबूत है तो उसके बावजूद भी क्यों कार्रवाई नहीं की जा रही। इसी प्रकार, चोरी के एक अन्य मामले में कच्चा बाजार निवासी पुजारी ने मंत्री अनिल विज को शिकायत देते हुए बताया कि मंदिर में उसके कमरे का ताला कुछ दिन पहले टूटा हुआ था और सामान चोरी था। इस मामले में उसने हाउसिंग बोर्ड पुलिस चौकी में 5 सितंबर को शिकायत की थी, मगर उसकी शिकायत पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की और न ही एफआईआर दर्ज की। पुजारी की शिकायत पर ऊर्जा मंत्री अनिल विज जब पुलिस अधिकारियों से जवाब-तलब किया तो वह बगले झांकने लगे। मंत्री अनिल विज ने इस मामले में चौकी इंचार्ज को सस्पेंड करने के निर्देश दिए। अम्बाला छावनी के गांव नडियाली निवासी किसान ने ऊर्जा मंत्री अनिल विज को शिकायत देते हुए बताया कि उनके खेत में पहले ट्यूबवेल लगा था, मगर बीते वर्ष 2025 में यह कनेक्शन काट दिया गया। इसके कुछ दिनों बाद उसने दोबारा कनेक्शन के लिए अप्लाई किया जबकि उसके ऊपर कोई भी बिल पेंडिंग नहीं है।



विवाहिता की मौत के मामले में जांच करेगी एसआईटी

ऊर्जा मंत्री अनिल विज को महेशनगर से आए लोगों ने विवाहिता की मौत के मामले में शिकायत देते हुए मामले में जांच की मांग की। उनका आरोप था कि विवाहिता की मौत मामले में हत्या का केस दर्ज किया गया है जबकि यह हत्या न होकर आत्महत्या का केस है। विज ने इस मामले में एसआईटी गठित कर मामले में निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए। *पेंशन के मामलों में समाज कल्याण विभाग की लापरवाही, मंत्री अनिल विज ने फोन पर लगाई फटकार* जनसुनवाई के दौरान पेंशन से संबंधित कई शिकायत ऊर्जा मंत्री अनिल विज के समक्ष आई। शिकायतकर्ताओं का आरोप था कि वह अपनी समस्या हल कराने के लिए विभागीय कार्यालय जाते है, मगर वहां से उन्हें कोई न कोई बहाना लगाकर वापस भेज दिया जाता है। विज ने इन मामलों में समाज कल्याण अधिकारी को फोन पर क ी फटकार लगाई और अगले सप्ताह से पहले इन मामलों में हल करने के निर्देश दिए।

अमरनाथ यात्रा में सेवा देने वाली भंडारा संस्थाओं और एनजीओ को मिलेगा सम्मान

डेली आवाज भारती

श्री अमरनाथ यात्रा भंडारा ऑर्गनाइजेशन की ओर से अमरनाथ यात्रा 2026 के दौरान सेवा करने वाली भंडारा संस्थाओं और एनजीओ को प्रशंसा प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए 21 सितंबर 2026 को कटड़ा स्थित स्पिरिचुअल ग्रोथ सेंटर में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल और श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड के चेयरमैन मनोज सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में अमरनाथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए लंगर और अन्य सेवाएं उपलब्ध करवाने वाली संस्थाओं के योगदान को सम्मानित किया जाएगा।

आयोजकों के अनुसार, कार्यक्रम में शामिल होने वाले मेहमानों के लिए प्रवेश सुबह 9:30 से 11 बजे तक रहेगा, जबकि सभी मेहमानों को दोपहर 12 बजे तक बैठना होगा। मुख्य अतिथि के दोपहर 1 बजे पहुंचने का कार्यक्रम है। इसके बाद बैठक और लंच का आयोजन किया जाएगा।



page 3_Layout 1 17-09-2026 19:55 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, मोहाली, जीरकपुर ⟫ शुक्रवार, 18 सितंबर 2026

खरड़ में बिजली संकट के खिलाफ रविंदर सिंह खेड़ा की अगुवाई में जोरदार रोष प्रदर्शन

डेली आवाज भारती





खरड़। संदीप अकालगढ़िया ,शिरोमणि अकाली दल के खरड़ हलका इंचार्ज रविंदर सिंह खेड़ा ने वीरवार को हलके और पूरे पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार के कार्यकाल के दौरान लगातार लग रहे बिजली कटों के खिलाफ एस.डी.एम. कार्यालय खरड़ के सामने जोरदार रोष प्रदर्शन किया।

एकत्रित लोगों को संबोधित करते हुए खेड़ा ने कहा कि पंजाब में हर रोज 12 से 14 घंटे के औद्योगिक बिजली कट लगाए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नाकामी के कारण पंजाब के दो बड़े थर्मल पावर प्लांट बंद हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि 16,500 मेगावाट बिजली की मांग के चलते राज्य की बिजली सप्लाई पर भारी दबाव है, जबकि करीब 3,000 मेगावाट के मांग-सप्लाई अंतर के कारण पूरे राज्य में बिजली कट 10 से 12 घंटे तक पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि इस संकट ने %आप% सरकार के ÷बिजली क्रांति÷ के दावों की वास्तविकता सामने ला दी है। खेड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान ने लोगों को 24 घंटे बिजली और किसानों को बिना रुकावट प्रतिदिन 8 घंटे बिजली उपलब्ध करवाने का वादा किया था, लेकिन यह सब लोगों को गुमराह करने वाला छल ही साबित हुआ। न तो लोगों को पर्याप्त बिजली मिली, न किसानों को और न ही कोई कथित बदलाव आया। उन्होंने कहा कि जब गर्मी शुरू हुई थी, तब अकाली दल ने इस समस्या को लेकर आवाज उठाई थी, लेकिन सरकार ने उनकी एक नहीं सुनी और लोगों को पूरी गर्मी परेशानी झेलनी पड़ी। उन्होंने कहा कि यह केवल बिजली की समस्या नहीं है, बल्कि शहर में पीने वाले पानी, टूटी सड़कों और विकास कार्यों की स्थिति भी चिंताजनक है। खेड़ा ने कहा कि जब सरकार से सवाल पूछे जाते हैं तो जवाब देने के बजाय अनमोल गगन मान को हटाकर परमिंदर सिंह गोल्डी को नए चेहरे के रूप में लगाया गया है। बिजली संकट का जिक्र करते हुए खेड़ा ने कहा कि लंबे बिजली कट सरकार की प्रशासनिक नाकामी का परिणाम हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पी.एस.पी.सी.एल. को सही ढंग से चलाने में असफल रही है। उन्होंने कहा कि जब पूरे पंजाब में अकाली दल की ओर से रोष प्रदर्शन किए गए तो सरकार ने दिल्ली के बसंत गर्ग को पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (पी.एस.पी.सी.एल.) के चेयरमैन-कम-मैनेजिंग डायरेक्टर (सी.एम.डी.) के पद से हटाकर वरिष्ठ आई.ए.एस. अधिकारी गुरकीरत किरपाल सिंह को यह जिम्मेदारी सौंप दी। खेड़ा ने कहा कि आने वाले दिनों में भी इसी तरह पुराने चेहरों को बदलकर नए चेहरे लगाए जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पिछले साढ़े चार वर्षों से दिल्ली के लोगों को कुर्सियों पर बैठाकर सुविधाएं देती रही और अब जवाबदेही की बारी आने पर चेहरों को बदलने का सिलसिला शुरू किया गया है।

ओ.एस.डी. सुखवीर सिंह ने धूरी हलके के विभिन्न गांवों में चल रहे विकास कार्यों का लिया जायजा

- गांववासियों की राय के अनुसार तैयार की जा रही विकास कार्यों की रूपरेखा: सुखवीर सिंह

डेली आवाज भारती



धूरी। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में धूरी हलके के गांवों में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लेने और लोगों की जरूरतों के अनुसार नए विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार करने के उद्देश्य से ओ.एस.डी. सुखवीर सिंह द्वारा आज हलके के विभिन्न गांवों का दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने गांव पेडनी कलां, कक्कड़वाल, रंचना, ईसी, मीमसा, खेड़ी जट्टां, ढढोगल, शेरपुर सोढियां और भुल्लरहेड़ी में गांववासियों से मुलाकात कर चल रहे विकास कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी हासिल की। इस अवसर पर ओ.एस.डी. सुखवीर सिंह ने गांववासियों के साथ विस्तारपूर्वक बातचीत करते हुए उनकी मौजूदा जरूरतों, बुनियादी सुविधाओं से संबंधित समस्याओं और भविष्य में करवाए जाने वाले विकास कार्यों के बारे में सुझाव लिए। उन्होंने कहा कि गांवों का विकास लोगों की जरूरतों और सामूहिक राय के अनुसार किया जाना महत्वपूर्ण है, ताकि विकास कार्यों का लाभ हर वर्ग तक पहुंच सके। दौरे के दौरान गांवों में खेलों और युवाओं की शारीरिक तंदुरुस्ती को प्रोत्साहित करने के लिए जिम की सुविधाओं, लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए आम आदमी क्लीनिकों तथा सामाजिक समारोहों के लिए कम्युनिटी हॉल से संबंधित कार्यों के बारे में जानकारी ली गई। इसके अलावा सीवरेज व्यवस्था, सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाने, स्ट्रीट लाइटों और पार्कों के विकास जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया। ओ.एस.डी. ने गांववासियों से छप्पड़ों की सफाई और उनके पानी के उचित प्रबंधन के लिए ट्रीटमेंट प्लांटों की जरूरत तथा पीने के साफ पानी की आपूर्ति से संबंधित मुद्दों के बारे में भी जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण, सुचारू जल निकासी व्यवस्था और पीने के साफ पानी की उपलब्धता गांवों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण हैं। ओ.एस.डी. सुखवीर सिंह ने कहा कि गांवों में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए लोगों से सीधा संपर्क करना और उनकी जरूरतों को समझना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि गांववासियों द्वारा बताई गई मांगों और सुझावों को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों से संबंधित जरूरी जानकारी एकत्रित की जा रही है, ताकि गांवों की प्राथमिकताओं के अनुसार आगे की कार्रवाई की जा सके।

रूप कमल चावला कंबोज के प्रचार अभियान ने सीनेट चुनाव के लिए जोर पकड़ा



डेली आवाज भारती

- पोलिंग बूथों पर समर्थकों की ड्यूटी पूरी,पंजाब सहित बाहरी राज्यों के मतदाताओं से किया संपर्क : टिब्बी

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ की 20 सितंबर को होने वाली सीनेट चुनाव के लिए सीरियल नंबर 41 से चुनाव मैदान में उतरीं रूप कमल चावला कंबोज के चुनाव अभियान ने अंतिम चरण में तेजी पकड़ ली है। समर्थकों द्वारा मतदाताओं से संपर्क अभियान को ओर तेज करने के साथ-साथ मतदान वाले दिन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं भी पूरी की जा रही हैं। चुनाव अभियान का नेतृत्व कर रहे गुरभेज सिंह टिब्बी ने बताया कि पंजाब सहित विभिन्न राज्यों में बनाए गए पोलिंग बूथों पर समर्थकों की ड्यूटी लगा दी गई है। उन्होंने कहा कि टीमों द्वारा ग्रेजुएट मतदाताओं से लगातार संपर्क किया जा रहा है और 20 सितंबर को मतदान संबंधी अपनी जिम्मेदारियां निभाने की तैयारियां पूरी हैं। टिब्बी ने कहा कि पंजाब के अलावा अन्य राज्यों में रहने वाले पंजाब विश्वविद्यालय के ग्रेजुएट मतदाताओं से भी संपर्क स्थापित किया गया है।

के.एम.एम के आह्वान पर किसानों-मज़दूरों ने मांगों को लेकर मल्लांवाला रेलवे ट्रैक पर शुरु किया अनिश्चितकालीन धरना

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर में मल्लांवाला रेल ट्रैक पर जाम लगाकर प्रदर्शन करते हुए किसान एवं मजदूर नेता।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): किसान मजदूर मोर्चे के आह्वान पर किसान मज़दूर संघर्ष समिति पंजाब जिला फिरोजपुर के सैकड़ों किसानों-मज़दूरों द्वारा जिला प्रधान इंदरजीत सिंह बाठ की अध्यक्षता में विशाल धरना दिया गया। इस मौके पर रेलवे ट्रैक पर दिए धरने को संबोधित करते हुए सुखविंदर सिंह सभरां, धर्म सिंह सिद्धू, सुरजीत सिंह फौजी ने कहा कि पंजाब की भगवंत सरकार कुंभकर्णी नींद में सोई हुई है, इससे पहले किसानों-मज़दूरों द्वारा 31 अगस्त को पंजाब भर के डीसी दफ्तरों के आगे धरने लगाकर किसानों-मज़दूरों की मांगों संबंधी पंजाब सरकार के नाम मांग पत्र सौंपे गए थे और 14 सितंबर से पंजाब के मंत्रियों के घरों के आगे शांतिपूर्ण धरने दिए जा रहे थे तथा अपनी मांगें मनवाने के लिए संघर्ष किया जा रहा था। लेकिन भगवंत मान सरकार के कानों पर कोई जूं तक नहीं सरक रही है और किसानों-मज़दूरों की मांगों को अनदेखा कर कॉरपोरेट-समर्थक नीतियां लागू की जा रही हैं। किसान नेताओं ने आगे कहा कि पंजाब की भगवंत मान सरकार केरल की तर्ज पर फसलों की एमएसपी तय करे, आबादकार किसानों को पक्के मालिकाना हक दिए जाएं, किसानों-मज़दूरों के समूचे कर्ज माफ किए जाएं, बाढ़ से हुए नुकसान की तुरंत भरपाई की जाए, लैंड पॉलिसी तुरंत रद्द की जाए और जबरन जमीनें छीनना बंद किया जाए, बिजली अधिनियम संशोधन बिल 2025 रद्द कर स्मार्ट चिप वाले मीटर लगाना बंद किया जाए, भारत-अमेरिका ट्रेड डील समझौते रद्द किए जाएं, गन्ने के बकाया बिल तुरंत जारी किए जाएं, नशे के सौदागरों पर नकेल कसी जाए, दफ्तरों में फैला भ्रष्टाचार बंद किया जाए, युवाओं को नौकरियां उपलब्ध करवाई जाएं।

खेल वतन पंजाब दीयां-2026 के तहत विभिन्न ब्लॉकों में ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं 18 सितंबर से



अतिरिक्त उपायुक्त (विकास) कृष्ण पाल राजपूत जानकारी देते हुए।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): पंजाब सरकार के खेल विभाग द्वारा युवाओं और खिलाडि़ों को खेल से जोडऩे और उनकी खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से खेल वतन पंजाब दीयां-2026 के तहत ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इसी के तहत जिला फिरोजपुर में टेनिस बॉल क्रिकेट गेम के ब्लॉक स्तरीय मुकाबले विभिन्न ब्लॉकों में करवाए जाएंगे। इन मुकाबलों में 14 साल से ऊपर की आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग लेंगे। खिलाडि़ों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा ब्लॉक-अनुसार कार्यक्रम जारी किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए अतिरिक्त उपायुक्त (विकास) कृष्ण पाल राजपूत ने बताया कि जारी कार्यक्रम के अनुसार यह ब्लॉक स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट ब्लॉक जीरा के जीवन मल सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में और गुरुहरसहाय ब्लॉक के खेल स्टेडियम सैदोके में 18 से 19 सितंबर को, ब्लॉक ममदोट के झोंक टहल सिंह वाला और ब्लॉक मक्खू के खेल स्टेडियम मक्खू में 21 से 22 सितंबर को, जबकि ब्लॉक फिरोजपुर के खेल मैदान दुल्चीके और घल्लखुर्द ब्लॉक के खेल मैदान चंदड़ में 23 से 24 सितंबर 2026 तक करवाए जाएंगे।

शहीद भगत सिंह स्टेट यूनिवर्सिटी फिरोजपुर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया गणेश महोत्सव

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): शहीद भगत सिंह स्टेट यूनिवर्सिटी फिरोजपुर में वाइस चांसलर डा.सुरेश शर्मा के नेतृत्व में समूह स्टाफ, विद्यार्थियों द्वारा श्रद्धा और उत्साह के साथ गणेश महोत्सव मनाया गया। इस गणेश महोत्सव में भक्ति भजन ग्रुप द्वारा विशेष जागरण कीर्तन किया गया। इस महोउत्सव में वाइस चांसलर डा.सुरेश शर्मा, रजिस्ट्रार डा.राजीव अरोड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस धार्मिक समारोह का प्रबंध राजेश कुमार सिंगला, संजीव कुमार, विजय शर्मा, अमरजीत सिंह, एसबीएसएसयू के स्टाफ और विद्यार्थियों द्वारा सुचारू रूप से किया गया। समारोह की शुरुआत विधि-विधान से श्री गणेश पूजा की गई। इसके उपरांत भक्ति भजन ग्रुप द्वारा जागरण कीर्तन किया गया, जिसके दौरान संगत और विश्वविद्यालय के स्टाफ व विद्यार्थियों ने श्रद्धा से भाग लिया। अंत में आरती की गई और सबकी सुख-शांति के लिए अरदास की गई। भक्ति भजन ग्रुप के संस्थापक धर्मपाल बांसल (डायरेक्टर शहीद भगत सिंह कॉलेज ऑफ नर्सिंग सोढवाला फिरोजपुर, संस्थापक भक्ति भजन ग्रुप और हार्मनी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज ने अपनी पूरी टीम के साथ विभिन्न भजनों के माध्यम से भक्तिमय माहौल बनाया। उन्होंने गणेश जी, भोलेनाथ जी और राधा-कृष्ण जी के भजन गायन किए। इस दौरान गौरव अनमोल (म्यूजिक डायरेक्टर) द्वारा संगीतिक सहयोग दिया गया। इस अवसर पर अशोक गर्ग (अध्यक्ष), कलाश शर्मा और मोहिंदर बजाज (उपाध्यक्ष) सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। इस दौरान धर्मपाल बंसल द्वारा वाइस चांसलर डा.सुरेश शर्मा को सम्मानित किया गया। समारोह ने विश्वविद्यालय के स्टाफ और विद्यार्थियों में धार्मिक भावना, आपसी जुड़ाव और सकारात्मकता का संदेश दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के समूह स्टाफ और विद्यार्थियों ने पूरी श्रद्धा से धार्मिक समारोह में भाग लिया।

चौथा आयुष मेडिकल कैंप जी.ए.डी चुगत्ते वाला फिरोजपुर में आयोजित



चौथे आयुष मेडिकल चैकअप कैंप में जानकारी देते हुए डाक्टर।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): आयुष कमिश्नर पंजाब डायरेक्टर ऑफ आयुर्वेदा पंजाब डा.रमन खन्ना, डायरेक्टर ऑफ होम्योपैथी पंजाब डा.हरजिंदरपाल सिंह, जिला आयुर्वेदिक और यूनानी अधिकारी डा.रूपिंदरदीप कौर गिल और जिला होम्योपैथी अधिकारी डा.रूपिंदर कौर के योग्य नेतृत्व में चौथा आयुष मेडिकल कैंप जी.ए.डी चुगत्ते वाला में लगाया गया। इस कैंप के दौरान आयुर्वेदिक विभाग की ओर से डा.सुमन धंजू, डा.प्रवीण कुमार राणा और श्रीमती रजनी बाला, श्रीमती बेअंत कौर उपवैद, बलविंदर सिंह, तरसेम सिंह, किरण रानी (योग इंस्ट्रक्टर) और होम्योपैथी विभाग की ओर से डा.सतनाम सिंह गिल, बलजीत सिंह, गुरविंदर सिंह डिस्पेंसर ने ड्यूटी निभाई। इस कैंप में 480 मरीजों की जांच की गई और फ्री शुगर टेस्ट करने के साथ-साथ मरीजों को मुफ्त दवाएं बांटी गई।

फॉर्चूनर सवारों ने मारने की नीयत से पुलिस कर्मचारियों पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की

मौके से गाड़ी छोड़कर दोषी फरार, गाड़ी से 1 पिस्टल समेत मैगजीन व 196 जिंदा रौंद बरामद

- पुलिस ने फरार दोषियों पर जानलेवा हमला करने और असलाह एक्ट तहत दर्ज किया मामला

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना सदर जीरा पुलिस के कर्मचारियों पर बीते दिन गांव तलवंडी जल्लेखां के नजदीक फॉर्चूनर गाड़ी सवार दो लोगों ने मारने की नियत से गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की। इस घटना के पश्चात दोषी गाड़ी को छोड़े र वहां से फरार हो गए। जिसमें से पुलिस ने तलाशी के दौरान 1 पिस्टल समेत मैगजीन और 196 जिंदा रौंद बरामद किए है। उक्त मामलें में पुलिस ने फरार दोषियों पर जानलेवा हमला करने और असलाह एक्ट तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना सदर जीरा के एएसआई शमशेर सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गांव तलवंडी जल्ले खां के नजदीक जीरा साईड से आ रही बिना नंबरी फॉर्चूनर गाड़ी को शक होने पर रुकने का ईशारा किया तो कार में सवार दोषियों ने पुलिस पार्टी को मारने की नियत से गाड़ी उन पर चढ़ाने की कोशिश की। जिस पर पुलिस ने दोषियों को काबू करने की कोशिश की तो दोषी गाड़ी छोडे र फरार हो गए। जब पुलिस ने गाड़ी की तलाशी ली तो उसमें से पुलिस को 1 पिस्टल 32 बोर समेत मैगजीन और 6 जिंदा कारतूस, 59 जिंदा कारतूस 30 बोर और 131 रोंद जिंदा 315 बोर बरामद हुए है। मामले की जांच कर रहे शमशेर सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में फरार हुए दोषी सतविन्द्र सिंह उर्फ लड्डू पुत्र जंग सिंह वासी ठेठर कलां व हरदीप सिंह उर्फ दीपा पुत्र गुरमीत सिंह वासी घल्लखुर्द जिला फिरोजपुर के खिलाफ मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

10 व्यक्ति 28.82 ग्राम हेरोइन और नशा करने वाले सामान सहित गिरफ्तार

गिरफ्तार लोगों पर एनडीपीएस एक्ट तहत पुलिस ने दर्ज किए मामलें

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): जिला फिरोजपुर की पुलिस ने एसएसपी फिरोजपुर भूपिन्द्र सिंह के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों पर कार्रवाई करने के लिए चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलो में कार्रवाई करते हुए 20 लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 28,82 ग्राम हेरोइन एवं नशा करने वाला सामान बरामद किया है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों पर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत थाना कुलगड़ी, थाना घल्लखुर्द, थाना सिटी, थाना सदर व थाना छावनी फिरोजपुर, थाना ममदोट और थाना तलवंडी भाई में मामलें दर्ज किए है। जानकारी अनुसार थाना सिटी फिरोजपुर की ए.एस.आई गुरकंवलजीत कौर ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर संदीप कुमार पुत्र गगन कुमार वासी गली नंबर 20 मकान नंबर 6 बस्ती टैंकावाली फिरोजपुर व ईशांत कुमार पुत्र विजय कुमार वासी गली नंबर 7 गली नौ रोड चोपड़ीयां वाला बाग कोटकपुरा को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 3.80 ग्राम हेरोइन, थाना सदर छावनी फिरोजपुर के ए.एस.आई भूपिन्द्र सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर सौरव उर्फ काकू पुत्र राज कुमार वासी आजाद चौंक फिरोजपुर छावनी व सुभम उर्फ बिल्लु पुत्र अशोक कुमार वासी इंद्र कालोनी फिरोजपुर छावनी को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 10 ग्राम हेरोइन, थाना सदर फिरोजपुर के एएसआई सेवक सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर जसकरन उर्फ शिवा पुत्र राज कुमार उर्फ राजू वासी बस्ती निजामदीन वाली फिरोजपुर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 5 ग्राम हेरोइन, थाना घल्लखुर्द के एएसआई विक्रमजीत सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर गुलशेर सिंह पुत्र सतनाम सिंह वासी वार्ड नंबर 5 मुदकी व राजू सिंह पुत्र काला सिंह वासी वार्ड नंबर 5 मुदकी को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 7.12 ग्राम हेरोइन, थाना तलवंडी भाई के एएसआई सुदेश कुमार ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर सुखप्रीत सिंह पुत्र बसंत सिंह वासी नजदीक सरकारी अस्पताल वार्ड नंबर 4 तलवंडी भाई को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 2.90 ग्राम हेरोइन, थाना ममदोट के एस.आई प्रवीण कुमार ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान सूचना पर रीतू सिंह पुत्र इंद्र सिंह वासी जामा रखईया हिठाड़ को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 1 लाईटर, हेरोइन लगी हुई पन्नी और 1 पाईपनुमा कागज और थाना कुलगड़ी के एएसआई जसविन्द्र सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान सर्कट हाऊस फिरोजपुर-मोगा रोड के नजदीक से नशा करते हुए गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी पुत्र आत्मजीत सिंह वासी गांव गोलके वाला फरीदकोट के गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सिल्वर पन्नी हेरोइन लगी, लाईटर 1 दस रुपए का नोट बरामद किया है।

page 4_Layout 1 17-09-2026 19:56 Page 1

एमसीए ने हुकम सिंह रोड, कोट बाबा दीप सिंह और होटल एच.के. 52 के बाहर चलाया अतिक्रमण विरोधी अभियान

अवैध रेहड़ियां और फूलों के स्टॉल हटाए गए; अतिक्रमणकारियों को सख्त कार्रवाई की चेतावनी






डेली आवाज भारती

अमृतसर/केएस बेदी। नगर निगम अमृतसर (एमसीए) द्वारा शहर में अवैध अतिक्रमणों और सार्वजनिक स्थानों पर अनधिकृत कब्जों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आज हुकम सिंह रोड, कोट बाबा दीप सिंह क्षेत्र तथा होटल एच.के. 52 के बाहर व्यापक अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई की गई।

यह कार्रवाई नगर निगम कमिश्नर (सीएमसी) बिक्रमजीत सिंह शेरगिल (आईएएस) और अतिरिक्त नगर निगम कमिश्नर डॉ. जय इंदर सिंह के निर्देशों पर की गई। अभियान का उद्देश्य सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करना, पैदल यात्रियों के लिए रास्ते सुगम बनाना तथा यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाना था। अभियान के दौरान एमसीए की टीम ने सार्वजनिक सड़कों और फुटपाथों पर लगाए गए अवैध रेहड़ियों, फूलों के स्टॉलों तथा अन्य अस्थायी अतिक्रमणों को हटाया। कार्रवाई के माध्यम से इन क्षेत्रों में आम जनता, पैदल यात्रियों और वाहनों की आवाजाही को सुचारु बनाने का प्रयास किया गया। यह अभियान सचिव-कम-एस्टेट ऑफिसर सुशांत भाटिया और एस्टेट ऑफिसर धर्मिंदरजीत सिंह की देखरेख में चलाया गया। इंस्पेक्टर प्रीति चौहान और इंस्पेक्टर अमन कुमार सहित एमसीए की टीम ने कार्रवाई में सक्रिय भाग लिया तथा चिन्हित स्थानों से अनधिकृत कब्जे हटाए।

नगर निगम ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक सड़कों, फुटपाथों और अन्य नागरिक सुविधाओं वाले स्थानों पर ऐसी अनधिकृत व्यावसायिक गतिविधियां स्वीकार नहीं की जाएंगी, जिनसे आम जनता को परेशानी हो या यातायात प्रभावित हो। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी गई कि वे दोबारा हटाए गए स्थानों पर अतिक्रमण न करें। नगर निगम ने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति दोबारा अतिक्रमण करता है या निगम के निर्देशों का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ लागू नियमों के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीएमसी बिक्रमजीत सिंह शेरगिल और अतिरिक्त कमिश्नर डॉ. जय इंदर सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि हटाए गए अतिक्रमण वाले स्थानों की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए तथा दोबारा अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाए।

नगर निगम ने दुकानदारों, रेहड़ी संचालकों, फूल विक्रेताओं और शहरवासियों से अपील की कि वे नगर निगम का सहयोग करें तथा सड़कों, फुटपाथों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अवैध कब्जे करने से बचें। एमसीए ने कहा कि शहर में सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त बनाए रखना, यातायात व्यवस्था को सुचारु करना और नागरिकों को सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवागमन उपलब्ध करवाना निगम की प्राथमिकताओं में शामिल है।

गांव स्तर पर किसानों को पराली ना जलाने के संबंध में जागरूक करने को प्रशासन ने शुरू किया अभियान

- अतिरिक्त उपायुक्त कृष्णा पाल राजपूत ने प्रचार वैनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): पंजाब सरकार के दिशा-निर्देशानुसार जिला प्रशासन फिरोजपुर द्वारा धान की पराली जलाने की घटनाओं को जीरो करने के उद्देश्य से गांव स्तर पर विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। इस संबंध में उपायुक्त श्रीमती दीपशिखा शर्मा के निर्देशानुसार अतिरिक्त उपायुक्त (विकास) कृष्णा पाल राजपूत द्वारा दो प्रचार वैनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि पराली जलाने से पर्यावरण पर पडने वाले बुरे प्रभावों और इससे जमीन की उर्वरक शक्ति व मानव स्वास्थ्य को होने वाले नुकसान के संबंध में किसानों को जागरूक करना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। इसके साथ ही किसानों को पराली जलाने से होने वाली कानूनी कार्रवाई के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा पराली प्रबंधन संबंधी जागरूकता को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए अब से ही विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत जिले में चलाई जा रही दो प्रचार वैनों द्वारा 17 सितंबर से लगातार 40 दिनों तक जिले के प्रत्येक गांव में पहुंचकर किसानों को धान की पराली ना जलाने और इसके सुचारू प्रबंधन के लिए जागरूक किया जाएगा। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे पराली को आग लगाने की बजाय इसका खेत में ही सुचारू प्रबंधन करें और पर्यावरण की सुरक्षा में अपना योगदान दें। प्रचार वैनों की रवानगी के अवसर पर मुख्य कृषि अधिकारी फिरोजपुर डा.बलविंदर सिंह सहित कृषि विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

सरकारी हाई स्कूल रामगढ़ के छात्र अरमानजोत सिंह ने राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में जीता गोल्ड मेडल



डेली आवाज भारती

बरनाला, (नवीन सिंगला) : सरकारी हाई स्कूल रामगढ़ (ज़िला बरनाला) के नौवीं कक्षा के छात्र अरमानजोत सिंह ने अमृतसर में आयोजित राज्य स्तरीय फीस्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता है और अपने स्कूल व ज़िले का नाम रोशन किया है। श्री केवल सिंह के बेटे अरमानजोत सिंह ने अंडर-14 आयु वर्ग में 35 किलोग्राम भार वर्ग में यह उपलब्धि हासिल की। इस प्रतिभाशाली खिलाड़ी ने %स्कूल ऑफ़ एमिनेंस, भदौर% के कुश्ती अखाड़े में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया, जहाँ उन्होंने लगातार अभ्यास और कड़ी मेहनत से यह सफलता पाई। स्कूल प्रशासन, पूरे स्टाफ़ और रामगढ़ ग्राम पंचायत ने अरमानजोत सिंह, उनके परिवार और उनके कोचों को इस शानदार जीत पर बधाई दी।

पंजाब पुलिस फिजिकल ट्रायल, एयर फ़ोर्स और SSC GD की तैयारी के लिए C-PITE कैंप बोरावाल का फ्री ट्रेनिंग कैंप

डेली आवाज भारती



बरनाला, (राकेश जेठी) : C-PIte कैंप बोरावल (भिखी-बुढलाडा रोड पर स्थित)–जो पंजाब सरकार के रोज़गार सृजन और प्रशिक्षण विभाग के तहत एक संस्थान है–ने मानसा, बरनाला और संगरूर ज़िलों के युवाओं के लिए भर्ती-पूर्व प्रशिक्षण कैंप शुरू किया है। इस कैंप का मकसद उम्मीदवारों को पंजाब पुलिस और एयर फ़ोर्स में भर्ती के लिए तैयार करना है। जानकारी देते हुए C-PIte कैंप बोरावल के ट्रेनिंग ऑफ़िसर कैप्टन लखविंदर सिंह ने बताया कि जिन युवाओं ने पहले ही पंजाब पुलिस की लिखित परीक्षा दे दी है, वे फिजिकल ट्रायल की तैयारी के लिए कैंप में आ सकते हैं। इसी तरह, जिन उम्मीदवारों ने एयर फ़ोर्स (टेक्निकल और नॉन-टेक्निकल कैडर) के लिए आवेदन किया है, वे लिखित परीक्षा की तैयारी कर सकते हैं। इसके अलावा, आने वाली 25,487 स्ष्ट त्रष्ठ पोस्ट के लिए लिखित परीक्षा की तैयारी भी कराई जाएगी। प्रशिक्षण अनुभवी स्टाफ़ द्वारा दिया जाएगा। योग्य युवा आज से किसी भी कामकाजी दिन सुबह 9:00 बजे C-PIte कैंप, बोरावल में व्यक्तिगत रूप से पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण के लिए ज़रूरी दस्तावेज़ों में 10वीं और 12वीं कक्षा के सर्टिफ़िकेट, ऑनलाइन भर्ती आवेदन फ़ॉर्म, एडमिट कार्ड, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण और हाल की दो पासपोर्ट साइज़ फ़ोटो शामिल हैं। प्रशिक्षण के दौरान, पंजाब सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार युवाओं को रहने और खाने की सुविधा पूरी तरह से मुफ़्त दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए कृपया 98148-50214 पर संपर्क करें।

जिला मैजिस्ट्रेट फिरोजपुर ने विभिन्न पाबंदीयों के आदेश जारी किए



फिरोजपुर, **(अमनदीप गिरधर):** जिला मैजिस्ट्रेट कम डी.सी फिरोजपुर दीपशिखा शर्मा ने बीएनएसएस 2023 की धारा 163 तहत प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जिले में विभिन्न पाबंदीयों के आदेश जारी किए है। जिसमें उनकी तरफ से जिला फिरोजपुर में शाम 6 बजे से सुबह 10 बजे तक कंबाईनों के जरिए धान की कटाई पर पूर्ण रुप से पाबंदी लगाई है। इसके साथ ही जिला फिरोजपुर में धान की कटाई करने वाली कंबाईनों के मालिकों को यह हिदायत की गई है कि कोई भी कंबाईन मालिक हारवैस्टर सुपर एस.एम.एस लगाए बिना कंबाईन का प्रयोग ना करें। इसके साथ ही एक अन्य आदेश में जिला मैजिस्ट्रेट ने लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर और अनहोनी घटनाओं को रोकने के लिए जिला फिरोजपुर में धान की फसल की कटाई के पश्चात खेतों में बचने वाले अवशेषों को आग लगाने पर पूर्ण रुप से पाबंदी लगाई है। उन्होने कहा कि उक्त आदेश लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर जारी किए गए और जो भी व्यक्ति जिले में लागू आदेशों की उल्लंघना करेगा उसके खिलाफ कानून अनुसार बनती कार्रवाई की जाऐगी।

खेलो इंडिया योजना (2026-31) का पुनर्गठन

बजट परिव्यय में 8 गुना और समर्थित वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाले एथलीटों की संख्या में लगभग 10 गुना की ऐतिहासिक वृद्धि

डेली आवाज भारती



जीरकपुर। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने %खेलो भारत नीति 2025% के उद्देश्यों को आगे बढ़ाते हुए खेलो इंडिया योजना (2026ङ्क31) के महत्वाकांक्षी विस्तार की घोषणा की है। इस नए चरण का प्राथमिक लक्ष्य भारत के खेल पारिस्थितिकी तंत्र को जमीनी स्तर (ग्रासरूट) से लेकर शीर्ष (एलीट) स्तर तक मजबूत करना और देश के 2036 ओलंपिक रोडमैप को ठोस आधार प्रदान करना है। इस पुनर्गठित योजना के तहत पिछले परिव्यय की तुलना में बजट में 8 गुना और समर्थित एथलीटों की संख्या में लगभग 10 गुना वृद्धि का प्रावधान किया गया है। योजना का कुल अनुमानित बजट 36441 करोड़ रुपए तय किया गया है। इस सम्बन्ध में प्रेसवार्ता के दौरान विस्तृत जानकारी देते हुए भारतीय खेल प्राधिकरण, क्षेत्रीय कार्यालय जीरकपुर के क्षेत्रीय निदेशक (प्रभारी) श्री शैलेन्द्र कुमार ने बताया की देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और युवा एवं खेल मंत्री श्री मनसुख माण्डवीय जी के नेतृत्व में तैयार इस योजना का मुख्य लक्ष्य गांवों और छोटे शहरो से कम उम्र के खिलाडियों की पहचान करना, एथलीटों को आधुनिक खेल विज्ञान, एआई - आधारित एनालिस्टिक्स, कोचिंग और विश्व स्तरीय पोषण उपलब्ध करवाना है। वहीँ इस निति के माध्यम से राष्ट्रिय शिक्षा निति 2020 के तहत खेल को समग्र शिक्षा का अनिवार्य हिस्सा बनाना है। खेलो इंडिया 3.0 के माध्यम से नेशनल स्पोर्ट्स रिपॉजिटरी और एथलीट मैनेजमेंट सिस्टम जैसी डिजिटल तकनीकों का उपयोग कर खिलाडियों को अनुकूल अवसर प्रदान कर देश को खेल महाशक्ति बनाने का संकल्प है।

योजना के प्रमुख मुख्य बिंदु

खेल अवसंरचना का त्रि-स्तरीय ढांचा (Sports Infrastructure) अवसंरचना विकास के अंतर्गत मेडल रणनीति के लिए खेल अवसंरचना, रणनीतिक खेल परिसंपत्तियों का सुदृढ़ीकरण, और खेल अवसंरचना विकास के लिए राज्य कार्य योजना को शामिल किया जाएगा। मेडल रणनीति हेतु अवसंरचना (Infrastructure for Medal Strategy):

प्राथमिकता वाले खेलों में हाई-परफॉर्मेंस प्रशिक्षण सुविधाएं विकसित करना। 30 ओलंपिक, एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों की खेल विधाओं में मौजूदा अवसंरचना की मैपिंग की जाएगी, और गैप एनालिसिस (कमियों के विश्लेषण) के आधार पर मौजूदा सुविधाओं को अपग्रेड किया जाएगा तथा आवश्यकतानुसार नई सुविधाएं विकसित की जाएंगी। 30 प्राथमिकता वाले खेल विधाओं में 9,000 खेलो इंडिया एथलीटों (चढ्ढ) और 18,000 इमर्जिंग खेलो इंडिया एथलीटों (श्व-चढ्ढ) को तैयार किया जाएगा।

राज्य कार्य योजना (State Action Plan): केंद्र प्रायोजित योजना में सहकारी संघवाद के तहत राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की मांग के अनुसार जमीनी स्तर की खेल अवसंरचना का विकास (सामान्य राज्यों के लिए 60:40 तथा पूर्वोत्तर/हिमालयी राज्यों के लिए 90:10 का वित्तीय अनुपात) किया जाएगा।

श्री कृष्ण मंदिर मक्खू में संक्रांति के अवसर पर जरूरतमंद परिवारों को राशन व आर्थिक सहायता वितरित

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): स्थानीय श्री कृष्ण मंदिर में संक्रांति के अवसर पर असहाय हितकारिणी सभा की ओर से हर माह की तरह इस माह भी करीब 45 जरूरतमंद लोगों को राशन सामग्री एवं आर्थिक सहायता वितरित की गई। इस कार्यक्रम में अनिल, डी.सी धवन और पंकज छाबड़ा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान सभा के अशोक कुमार ने बताया कि जरूरतमंद परिवारों की सहायता के उद्देश्य से उन्हें चीनी, आटा, दाल, चावल सहित अन्य आवश्यक राशन सामग्री के साथ आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि संतों की कृपा से सभा द्वारा जरूरतमंद लोगों को नियमित रूप से आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवाकर उनकी सहायता का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर सभा के सदस्य रिशु खुराना, मोहन ग्रोवर, अशोक कुमार, रोहित कालड़ा, प्रदीप कक्कड़, राजा कक्कड़, सिंपी मानकटाला सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

मार्केट की बैकसाइड पर संदिग्ध हालत में मिलीं दो महिलाएं, तलाशी में 60 नशीली गोलियां बरामद

डेली आवाज भारती



बरनाला (हेमन्त मित्तल) थाना सिटी-1 बरनाला की पुलिस ने गश्त के दौरान दो महिलाओं के कब्जे से 60 नशीली गोलियां बरामद करने के बाद उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार बरामद गोलियां Alprazolam मार्का बताई गई हैं। पुलिस पार्टी गश्त के दौरान प्रेम प्रधान मार्केट बरनाला की बैकसाइड पहुंची। पुलिस के अनुसार वहां दो महिलाएं बैठी हुई थीं और उनके पास प्लास्टिक के लिफाफे दिखाई दिए। पुलिस को उनकी गतिविधियां संदिग्ध लगीं, जिसके बाद दोनों की जांच की गई। तलाशी के दौरान पुलिस को दोनों महिलाओं के पास से कुल 60 नशीली गोलियां, मार्का Alprazolam बरामद हुई। बरामदगी के बाद पुलिस ने दोनों महिलाओं के खिलाफ थाना सिटी-1 बरनाला में मामला दर्ज कर लिया। पुलिस रिकॉर्ड में आरोपियों की पहचान हरबंस कौर उर्फ बंसो पत्नी धन्ना सिंह, निवासी सेरपुर, वर्तमान आबाद कमेटी दफ्तर की बैकसाइड बरनाला, तथा नवनीत कौर उर्फ नीतू पत्नी सनी सिंह, निवासी बस स्टैंड की बैकसाइड बरनाला के रूप में दर्ज की गई है। पुलिस ने बरामद नशीली गोलियों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि ये गोलियां दोनों महिलाओं तक कहां से पहुंचीं और इनके पीछे किसी अन्य व्यक्ति की भूमिका है या नहीं।

सांसद मालविंदर सिंह कंग ने माजरी ब्लॉक में 15 लाख रुपये के ग्रामीण विकास कार्यों का किया उद्घाटन

डेली आवाज भारती



माजरी (संदीप अकालगढ़िया): श्री आनंदपुर साहिब संसदीय क्षेत्र से लोकसभा सदस्य स. मालविंदर सिंह कंग ने आज खरड़ विधानसभा क्षेत्र के माजरी ब्लॉक में सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (एमपी लैड) के तहत पूरे किए गए ग्रामीण बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक सुविधाओं से संबंधित विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया और इन्हें लोगों को समर्पित किया। कुल 15 लाख रुपये की लागत वाले इन विकास कार्यों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी नागरिक सुविधाओं को मजबूत करना, सार्वजनिक सुविधाओं से संबंधित बुनियादी ढांचे में सुधार करना और शैक्षणिक सुविधाओं को बढ़ावा देना है। गांव डकोरां कलां में सांसद स. मालविंदर सिंह कंग ने सरपंच श्रीमती भूपिंदर कौर की मौजूदगी में 3.50 लाख रुपये की लागत से तैयार कम्युनिटी वाटर टैंकर गांववासियों को समर्पित किया। इससे स्थानीय स्तर पर पानी की जरूरतों को पूरा करने में सहायता मिलेगी। गांव करतारपुर में सरपंच स. बलदेव सिंह की मौजूदगी में 5 लाख रुपये की लागत से तैयार ग्रामीण पुस्तकालय और किताबों की सुविधा का उद्घाटन किया गया। यह सुविधा स्थानीय युवाओं को अधिक शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध करवाने और पढ़ने की रुचि को प्रोत्साहित करने में सहायक होगी। गांव मुंधो भाग सिंह में सांसद स. कंग ने सरपंच स. रघुबीर सिंह (काला) की मौजूदगी में 3 लाख रुपये की लागत से श्मशानघाट के बुनियादी ढांचे में किए गए सुधार को गांववासियों को समर्पित किया। इसी तरह गांव ताजपुरा में सरपंच स. संजीव नंबरदार की मौजूदगी में 3.50 लाख रुपये की लागत से तैयार एक अन्य कम्युनिटी वाटर टैंकर गांववासियों को सौंपा गया। इस अवसर पर सांसद स. मालविंदर सिंह कंग ने कहा कि एमपी लैड फंड का उपयोग गांव स्तर की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने, ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और सार्वजनिक सुविधाओं में सुधार लाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिनका सीधा लाभ स्थानीय लोगों को मिले और श्री आनंदपुर साहिब लोकसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में संतुलित विकास को और बढ़ावा मिले।

बरनाला में अंडर-14 लड़कों के क्रिकेटर प्री-क्वार्टर फ़ाइनल मैचों में रोमांचक मुक़ाबले

मेज़बान बरनाला ने संगरूर को 7 विकेट से हराकर क्वार्टर फ़ाइनल में बनाई जगह

डेली आवाज भारती



बरनाला, (नवीन सिंगला काली) : ज़िला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) सुनीतिंदर सिंह गिल और डिप्टी ज़िला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) डॉ. बरजिंदरपाल सिंह की देखरेख में सेक्रेड हार्ट ग्रुप, धनौला और ट्राइडेंट ग्रुप, बरनाला में 70वें पंजाब राज्य अंतर-ज़िला स्कूल खेलों (क्रिकेट, अंडर-14 लड़के) के प्री-क्वार्टर फ़ाइनल मैचों के दौरान कड़ा मुक़ाबला देखने को मिला। ज़िला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) बरनाला, सुनीतिंदर सिंह गिल ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए विशेष रूप से इस कार्यक्रम में भाग लिया। ष्ठरूस्पोर्ट्स सिमरदीप सिंह सिद्धू ने बताया कि प्री-क्वार्टर फ़ाइनल मैचों में मेज़बान टीम बरनाला ने संगरूर को 7 विकेट के बड़े अंतर से हराकर क्वार्टर फ़ाइनल में प्रवेश किया। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए, संगरूर की टीम ने निर्धारित 16 ओवरों में सात विकेट खोकर 85 रन बनाए। बरनाला की टीम ने 86 रनों के लक्ष्य को आसानी से केवल 11.5 ओवरों में हासिल कर लिया, जिसमें उन्होंने तीन विकेट गंवाए। बठिंडा और मलेरकोटला के बीच हुए मैच में मलेरकोटला की टीम 36 रनों से विजयी रही। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए, मलेरकोटला ने नौ विकेट खोकर 120 रन बनाए; जवाब में, बठिंडा की टीम निर्धारित 16 ओवरों में छह विकेट खोकर केवल 84 रन ही बना सकी। मानसा और अमृतसर के बीच खेले गए मैच में, मानसा की टीम ने 41 रनों से जीत हासिल की और क्वार्टर फ़ाइनल में जगह बनाई। इस अवसर पर टूर्नामेंट के ऑब्ज़र्वर सिकंदरपाल, मनिंदर कुमार, राहुल कुमार, आज़ाद सिंह, रमनप्रीत कौर, दलजीत सिंह, हरभजन सिंह, विकास गोयल, अमरजीत सिंह, लखवीर सिंह, गुरचरण सिंह बेदी, रमज़ान खान, कमलदीप शर्मा, रूपिंदर कौर, राजविंदर कौर, रविंदर कौर, अमनदीप कौर और लवलीन सिंह के साथ-साथ विभिन्न ज़िलों की टीमों के प्रभारी, कोच और खिलाड़ी भी मौजूद थे। फ़ोटो कैप्शन- ज़िला शिक्षा अधिकारी सुनीतेंद्र सिंह गिल 70वें पंजाब राज्य अंतर-ज़िला स्कूल खेलों (क्रिकेट, अंडर-14 लड़के) के दौरान खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए।

page 5_Layout 1 17-09-2026 18:21 Page 1

लहरागागा अस्पताल में दूरबीन के जरिए जटिल ऑपरेशन और इलाज की सेवाएं शुरू, क्षेत्रवासियों को मिलेगी बड़ी राहत : बरिंदर कुमार गोयल

440 बेड वाला अत्याधुनिक अस्पताल और मेडिकल कॉलेज बदलेगा लहरागागा की तस्वीर, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत ऑपरेशन, दवाइयां और जरूरी टेस्ट समेत इलाज की सुविधाएं मुफ्त

डेली आवाज भारती

लहरागागा। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा लोगों को उनके घरों के नजदीक गुणवत्तापूर्ण, आधुनिक और किफायती स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने की प्रतिबद्धता के तहत विधानसभा हलका लहरागागा में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। लहरागागा स्थित मेडिकल कॉलेज के तहत चल रहे अस्पताल में ओपीडी सेवाओं के बाद अब मरीजों को भर्ती करने के साथ-साथ मेजर और लैप्रोस्कोपिक सर्जरी की सेवाएं भी शुरू कर दी गई हैं। अस्पताल का विशेष दौरा कर यहां उपलब्ध करवाई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए पंजाब के कैबिनेट मंत्री एडवोकेट बरिंदर कुमार गोयल ने कहा कि लंबे समय से उच्च स्तर की स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी से जूझ रहे लहरागागा और आसपास के क्षेत्रों के लिए यह बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि अब क्षेत्र के लोगों को कई तरह के ऑपरेशन और विशेषज्ञ चिकित्सा उपचार के लिए संगरूर, पटियाला, हिसार, टोहाना या अन्य दूर-दराज के शहरों के महंगे अस्पतालों का रुख करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि 15 अप्रैल से अस्पताल में ओपीडी सेवाएं शुरू की गई थीं और अब इनडोर पेशेंट डिपार्टमेंट (आईपीडी) तथा मेजर सर्जरी की सेवाएं भी शुरू हो गई हैं। उन्होंने बताया कि अस्पताल में नॉर्मल डिलीवरी के जरिए एक बच्ची का जन्म हुआ है, जबकि एक अन्य मरीज के हर्निया सहित तीन ऑपरेशन एक ही समय में सफलतापूर्वक किए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रसिद्ध लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. नितीश जैन, जो पहले मैक्स अस्पताल दिल्ली में



अपनी सेवाएं दे चुके हैं, द्वारा अस्पताल में दूरबीन के जरिए पित्त की थैली निकालने का सफल ऑपरेशन भी किया गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की सर्जरी के लिए निजी अस्पतालों में मरीजों को आमतौर पर 60 से 70 हजार रुपये या इससे भी अधिक खर्च करना पड़ता है, जबकि यहां मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत संबंधित मरीज का इलाज बिना किसी खर्च के किया गया है।

एडवोकेट बरिंदर कुमार गोयल ने कहा कि पंजाब सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी परिवार को पैसों की कमी के कारण इलाज से वंचित न रहना पड़े। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को ऑपरेशन, एनेस्थीसिया, जरूरी टेस्ट, दवाइयां, बेड और अन्य संबंधित उपचार सुविधाएं मुफ्त उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मरीजों को दवाइयों के लिए बाहर के



मेडिकल स्टोर पर भटकने से बचाने के लिए जरूरी दवाइयां अस्पताल स्तर पर ही उपलब्ध करवाने के प्रबंध किए गए हैं। इसके अलावा मरीजों और उनके परिवारों की सुविधा के लिए अस्पताल में ही मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा कार्ड बनाने के लिए विशेष काउंटर स्थापित किया गया है, ताकि पात्र व्यक्ति बिना किसी अनावश्यक परेशानी के योजना का लाभ ले सकें। मेडिकल कॉलेज के बुनियादी ढांचे के बारे में जानकारी देते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मेडिकल कॉलेज कैंपस करीब 6 से 7 लाख वर्ग फुट क्षेत्र में विकसित किया जा रहा है और यहां 440 बेड की क्षमता वाला अत्याधुनिक अस्पताल स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट पूरा होने से लहरागागा ही नहीं, बल्कि मूनक, खनौरी और आसपास के बड़े ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भी उच्च स्तर की स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा।

उन्होंने बताया कि मूनक और खनौरी के अस्पतालों को भी ग्रामीण और शहरी स्वास्थ्य केंद्रों के रूप में इस मेडिकल कॉलेज प्रोजेक्ट से जोड़ा गया है, जिससे पूरे क्षेत्र में एक मजबूत स्वास्थ्य सेवा नेटवर्क विकसित होगा। श्री गोयल ने कहा कि मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूरी क्षमता के साथ कार्यशील होने के बाद डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ, तकनीकी विशेषज्ञों और अन्य कर्मचारियों सहित करीब 1100 लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इसके साथ ही क्षेत्र में अन्य सहायक कारोबारों और सेवाओं को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज की स्थापना केवल एक इमारत या स्वास्थ्य प्रोजेक्ट तक सीमित नहीं है, बल्कि यह लहरागागा के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण साबित होगा। इस संस्था के पूरी तरह कार्यशील होने से क्षेत्र के युवाओं के लिए मेडिकल शिक्षा के अवसर बढ़ेंगे और उन्हें मेडिकल की पढ़ाई के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों या विदेशों का रुख करने की निर्भरता कम होगी। विपक्षी दलों द्वारा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल को लेकर की जा रही आलोचना का जवाब देते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों के समय इस क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की भारी कमी थी और गंभीर मरीजों को अक्सर संगरूर, पटियाला, हिसार या टोहाना रेफर करना पड़ता था। उन्होंने कहा, ÷अगर गरीब और आम परिवारों को मुफ्त दवाइयां, टेस्ट और ऑपरेशन की सुविधा देना किसी को 'ड्रामा' लगता है तो वे लोगों को यह भी बताएं कि अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने ऐसी सुविधाएं उपलब्ध करवाकर लोगों को राहत क्यों नहीं दी।÷ श्री गोयल ने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे बुनियादी मुद्दों पर संकीर्ण राजनीति करने के बजाय जनहित में किए जा रहे कार्यों को स्वीकार करना चाहिए।

'युद्ध नशों के विरुद्ध' अभियान के 551 दिन पूरे होने पर अमृतसर में अहम बैठक

विधायक डॉ. अजय गुप्ता, विधायक डॉ. जसबीर सिंह संधू, करमजीत सिंह रिंटू और दीक्षित धवन ने किया संबोधित

डेली आवाज भारती

अमृतसर,(सलोनी नेहा गिल) पंजाब सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'युद्ध नशों के विरुद्ध' अभियान के 551 दिन पूरे होने के अवसर पर अमृतसर मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में अमृतसर शहर के पांच विधानसभा क्षेत्रों से संबंधित नशा मुक्ति मोर्चा की टीमों की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान नशों की रोकथाम के लिए पुलिस प्रशासन, सिविल प्रशासन और नशा मुक्ति मोर्चा की टीमों के बीच तालमेल को और मजबूत करने संबंधी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में विधानसभा क्षेत्र अमृतसर सेंट्रल के विधायक डॉ. अजय कुमार गुप्ता, अमृतसर वेस्ट के विधायक डॉ. जसबीर सिंह संधू, अमृतसर नॉर्थ के इंचार्ज एवं चेयरमैन स. करमजीत सिंह



रिंटू तथा नशा मुक्ति मोर्चा के माझा जोन इंचार्ज श्री दीक्षित धवन के अलावा जिला प्रशासन की ओर से अतिरिक्त उपायुक्त (ग्रामीण विकास) श्रीमती पल्लवी मिश्रा, अतिरिक्त आयुक्त नगर निगम स. जय इंदर सिंह, आर.टी.ए. श्री हितेश वीर गुप्ता तथा पुलिस विभाग की ओर से पुलिस कमिश्नर श्री हरमनबीर सिंह गिल, डिप्टी कमिश्नर पुलिस अमृतसर सिटी स. जसकीरत सिंह तेजा, ए.डी.सी.पी.-2 श्रीमती सिरीवेनीला सहित पांचों सब-डिवीजनों के ए.सी.पी. और एस.एच.ओ. उपस्थित थे।

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. अजय कुमार गुप्ता ने कहा कि पंजाब सरकार राज्य में नशों की समस्या को खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 'युद्ध नशों के विरुद्ध' अभियान के 551 दिन पूरे हो चुके हैं और इस अवधि के दौरान सरकार ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 76,982 नशा तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। उन्होंने कहा कि नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ-साथ नशे की दलदल में फंसे युवाओं को बाहर निकालने के लिए भी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने विलेज एवं वार्ड डिफेंस कमेटियों के प्रतिनिधियों द्वारा अभियान को दिए जा रहे सहयोग की सराहना की। इस अवसर पर विधायक डॉ. जसबीर सिंह संधू ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है और इसे खत्म करने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशों से दूर रखने के लिए पंजाब में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ-साथ विभिन्न जागरूकता गतिविधियां भी चलाई जा रही हैं। उन्होंने अमृतसरवासियों से नशा मुक्ति अभियान में सक्रिय योगदान देने की अपील की। पुलिस कमिश्नर अमृतसर श्री हरमनबीर सिंह गिल ने कहा कि ÷नशा तस्करों को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने नशों की रोकथाम के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी साझा करते हुए लोगों से नशों के खिलाफ अभियान में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। अतिरिक्त उपायुक्त (ग्रामीण विकास) श्रीमती पल्लवी मिश्रा ने कहा कि ÷अमृतसर से नशे को खत्म करना पंजाब सरकार का मुख्य उद्देश्य है।

देवी दासपुरा रेलवे ट्रैक पर किसानों का प्रदर्शन, रेल ट्रैफिक पर असर

डेली आवाज भारती

अमृतसर, (सलोनी नेहा गिल) किसान संगठनों ने आज अमृतसर में देवी दासपुरा रेलवे ट्रैक पर प्रदर्शन कर रेल ट्रैफिक पर असर डाला। किसान नेता और मजदूर रेलवे ट्रैक पर बैठकर अपनी मांगों के पक्ष में आवाज बुलंद की। इस बीच, एक तरफ पुलिस और एडमिनिस्ट्रेटिव अधिकारियों के साथ किसान प्रतिनिधियों की मीटिंग चल रही थी, तो दूसरी तरफ किसानों ने रेलवे ट्रैक पर अपना विरोध जारी रखा। मीडिया से बात करते हुए किसान-मजदूर संघर्ष कमेटी के नेता जरमनजीत सिंह बंडाला ने कहा कि किसान संगठनों की तरफ से लंबे समय से किसानों और मज़दूरों से जुड़ी मांगों को सरकार के ध्यान में लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग किसान आंदोलनों के दौरान किसानों और मज़दूरों पर दर्ज सभी पुलिस केस बिना किसी शर्त के रद्द किए जाने चाहिए। बंडाला ने सरकार के वादे के मुताबिक आंदोलनों के दौरान शहीद हुए किसानों और मज़दूरों के परिवारों को मुआवज़ा और सरकारी नौकरी देने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि सरकार पराली जलाने की समस्या का कोई ठोस हल निकाले और पराली जलाने के लिए मजबूर किसानों पर केस दर्ज करने का सिलसिला बंद करे। किसान नेता ने बासमती, सरसों, आलू, मूंग और मक्का समेत पांच मुख्य फसलों पर मिनिमम सपोर्ट प्राइस (MSP) की कानूनी



गारंटी तुरंत लागू करने की मांग की। इसके अलावा, उन्होंने कॉर्पोरेट सेक्टर की तरह पूरे देश में किसानों और मज़दूरों का पूरा कर्ज़ माफ़ करने की भी मांग की। उन्होंने पंजाब सरकार की लैंड पूलिंग पॉलिसी को तुरंत वापस लेने और किसानों के हितों की रक्षा के लिए एक कॉम्प्रिहेंसिव क्रॉप इंश्योरेंस स्कीम लागू करने की मांग की। इसके साथ ही, शंभू और खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन के दौरान ट्रॉलियों की चोरी या तोड़फोड़ समेत हुए नुकसान के लिए करीब 3 करोड़ 77 लाख रुपये के मुआवज़े की मांग की गई। किसान नेताओं ने कहा कि जब तक सरकार इन मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं करती, तब तक किसान संगठन अपना संघर्ष जारी रखेंगे। देवीदासपुरा रेलवे ट्रैक पर प्रदर्शन के कारण रेल ट्रैफ़िक पर पड़ने वाले असर को लेकर रेलवे और प्रशासन ने इंतज़ाम कर लिए हैं।

पीएम मोदी के जन्मदिन पर तरुण चुघ ने सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में माथा टेका, पंजाब को नशा मुक्त बनाने की प्रार्थना की

डेली आवाज भारती

अमृतसर (सलोनी नेहा गिल) देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर BJP नेता तरुण चुघ माथा टेकने सचखंड श्री दरबार साहिब पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की लंबी उम्र, अच्छी सेहत और देश की तरक्की के लिए प्रार्थना की। तरुण चुघ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी पूरी जिन्दगी देश और लोगों की सेवा में लगा दी है। आज उनकी सेवा के 25 साल पूरे हो गए हैं। उनके नेतृत्व में भारत पूरी दुनिया में बड़ी भूमिका निभा रहा है और ग्लोबल लेवल पर भारत की आर्थिक ग्रोथ 7.8 तक पहुंच गई है। तरुण चुघ ने कहा कि पीएम मोदी की शुरू की गई अलग-अलग भलाई की स्कीमों की वजह से देश के 25 करोड़ लोगों की ज़िंदगी में बड़ा बदलाव आया है



और 100 करोड़ से ज़्यादा लोगों को हेल्थ कार्ड, 6 करोड़ घर और हर घर नल से पीने का पानी देने की योजना मिली है। इस दौरान उन्होंने सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में अरदास की और कहा कि पीएम मोदी का 'डेवलप्ड इंडिया' का सपना पूरा हो और जैसे पूरा देश तरक्की कर रहा है, वैसे ही पंजाब का भी विकास हो। पंजाब में फैले ड्रग्स और बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर चिंता जताते हुए उन्होंने गुरु के सामने अरदास की कि पंजाब को नशा-मुक्त बनाया जाए और राज्य को गैंगस्टरिज़्म के माहौल से निकालकर फिर से 'ग्रीन पंजाब' बनाया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि नाकाम सरकारों की वजह से पंजाब आर्थिक रूप से पिछड़ रहा है और पंजाबियत को फिर से ज़िंदा करने के लिए मज़बूत कदम उठाने की ज़रूरत है।

नशे के खिलाफ पंजाब की पुकार बना शैगी बॉस का गीत

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़/केएस बेदी। पंजाब की युवा पीढ़ी को नशे से बचाने और समाज में नशे के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से पंजाबी गीतकार, गायक एवं फिल्म मेकर शैगी बॉस द्वारा तैयार किया गया गीत ÷मैं पंजाब बोल रहा÷ भाजपा की नशा मुक्त पंजाब यात्रा से जुड़ी एक प्रभावशाली सांस्कृतिक आवाज बनकर सामने आया है। आज चंडीगढ़ में भाजपा पंजाब के अध्यक्ष सरदार केवल सिंह ढिल्लों ने इस गीत का पोस्टर जारी किया। इस अवसर पर शैगी बॉस के अलावा होबी धालीवाल, जतिंदर सिंह सरां, इंदर सेखड़ी, रणजीत सिंह गिलगो और प्रो. सरचंद सिंह ख्याला भी उपस्थित थे। सरदार केवल सिंह ढिल्लों ने कहा कि ÷मैं पंजाब बोल रहा÷ केवल एक गीत नहीं, बल्कि नशे की मार झेल रहे पंजाब के दर्द और अपनी युवा पीढ़ी को बचाने की



पुकार है। ÷मेरी जवानी को बचा लो, मैं पंजाब बोल रहा÷ गीत का केंद्रीय संदेश है, जो नशे से प्रभावित परिवारों और गांवों के दर्द को भावनात्मक ढंग से अभिव्यक्त करता है।

उन्होंने कहा कि मांओं के हाथ आटा रह गया, गांवों के गांव हो गए सूने और गबरू छोड़कर बेटियां-माएं रोती है जैसी पंक्तियां नशे के सामाजिक और पारिवारिक प्रभाव को उजागर करती हैं। गीत में महाराजा रणजीत सिंह, जनरल हरि सिंह नलवा, शहीद करतार सिंह सराभा और शहीद भगत सिंह का उल्लेख कर पंजाब की ऐतिहासिक विरासत और आज की युवा पीढ़ी के बीच संवाद स्थापित किया गया है। सरदार ढिल्लों ने कहा कि पंजाब की पहचान नशे से नहीं, बल्कि साहस, चरित्र, मेहनत और बलिदान से बनी है। नशा मुक्त पंजाब की लड़ाई केवल नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह परिवार, समाज, शिक्षा, रोजगार, कानून-व्यवस्था और युवा पीढ़ी के भविष्य से जुड़ा व्यापक सामाजिक विषय है। उन्होंने कहा कि भाजपा की नशा मुक्त पंजाब यात्रा को समाज के हर वर्ग की भागीदारी के साथ जन-जागरूकता का माध्यम बनाने का प्रयास किया जा रहा है। पंजाबी संगीत और फिल्म क्षेत्र से जुड़ी शख्सियतों की भागीदारी इस संदेश को युवाओं तक उनकी अपनी भाषा और सांस्कृतिक माध्यम के जरिए पहुंचाने में सहायक हो सकती है। शैगी बॉस का धन्यवाद करते हुए सरदार ढिल्लों ने कहा कि पंजाबी संगीत और फिल्म क्षेत्र से जुड़े युवा कलाकारों द्वारा नशे के खिलाफ आवाज उठाना महत्वपूर्ण है। जब कला, समाज और जन-जागरूकता एक मंच पर आते हैं तो संदेश युवाओं तक अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचता है। उन्होंने कहा, हमारा संकल्प है कि पंजाब की युवा पीढ़ी को नशा नहीं, अवसर मिलें; पंजाब छोड़ने की मजबूरी नहीं, बल्कि पंजाब में अपना भविष्य बनाने का विश्वास मिले। 'मैं पंजाब बोल रहा' इसी संकल्प की एक भावनात्मक आवाज है। भाजपा की नशा मुक्त पंजाब यात्रा को पंजाब की कला, संगीत और फिल्म क्षेत्र से जुड़ी शख्सियतों का समर्थन मिलना इस बात को रेखांकित करता है कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल सरकार या किसी एक संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग की साझा जिम्मेदारी है। मैं पंजाब बोल रहा÷ मनोरंजन की सीमा से आगे बढ़कर नशे के खिलाफ जन-जागरूकता का एक सांस्कृतिक माध्यम बनता है। शैगी बॉस गीत लेखन और गायन के साथ-साथ वीडियो निर्देशन, शॉर्ट फिल्मों और म्यूजिक वीडियो निर्माण से भी जुड़े हैं। उनका नशा विरोधी अभियान से जुड़ना इस मुद्दे को सामाजिक और सांस्कृतिक स्तर पर नई पहुंच देने वाला कदम है। गीत की मूल पुकार इसी साझा जिम्मेदारी को स्वर देती है–पंजाब की पुकार एक ही है– मेरी युवा पीढ़ी को नशे से बचाओ।

पुलिस को देखकर लिफाफा फेंककर भागने की कोशिश, 59 नशीली गोलियां और 300 कैप्सूल बरामद

डेली आवाज भारती (क्राइम)

बरनाला (नवीन सिंगला काली) थाना रूड़ेके कलां पुलिस ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति को संदिग्ध परिस्थितियों में काबू कर उसके कब्जे से बड़ी मात्रा में नशीली दवाइयां बरामद करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी के पास से 59 खुली नशीली गोलियां तथा 300 नशीले कैप्सूल, मार्का स्द्धद्दठ्ठश्रद्ध, बरामद किए गए हैं। पुलिस पार्टी पखो कलां से तपा की ओर जाने वाली सड़क पर पुल सूआ पखो कलां के पास निगरानी के लिए मौजूद थी। इसी दौरान एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर आता दिखाई दिया। पुलिस के अनुसार जैसे ही उसने पुलिस पार्टी की गाड़ी को देखा, उसने पीछे मुड़कर अपने मोटरसाइकिल के बाईं तरफ से एक काले रंग का हैंडबैगनुमा लिफाफा उतारकर फेंक दिया और



वहां से निकलने की कोशिश की। पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर उक्त व्यक्ति को रोक लिया। इसके बाद उसके द्वारा फेंके गए लिफाफे की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसमें से 59 नशीली गोलियां खुली रंग-बिरंगी तथा 300 नशीले कैप्सूल मार्का स्द्धद्दठ्ठश्रद्ध बरामद होने की बात पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज है। पुलिस ने आरोपी की पहचान मनप्रीत सिंह पुत्र भूपिंदर सिंह, निवासी भट्ठल पट्टी, गांव मिहल कलां, वर्तमान निवासी जोगा, जिला मानसा के रूप में की है। बरामद नशीली दवाइयों को कब्जे में लेने के बाद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अब बरामद नशीली दवाइयों के स्रोत और इनके संभावित इस्तेमाल/आपूर्ति से जुड़े पहलुओं की जांच कर रही है।

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने अमृतसर में नवीनीकृत जम्मू-कश्मीर हाउस का किया उद्घाटन

अपग्रेड की गई सुविधा जम्मू-कश्मीर के निवासियों को किफायती एवं आरामदायक आवास उपलब्ध करवाएगी

डेली आवाज भारती (क्राइम)

अमृतसर (पंजाब), (सलोनी नेहा गिल) जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री श्री उमर अब्दुल्ला ने आज अमृतसर, पंजाब में नवीनीकृत जम्मू-कश्मीर हाउस का उद्घाटन किया। 2-कोर्ट रोड, अमृतसर स्थित इस विरासती इमारत को आधुनिक सुविधाओं से व्यापक रूप से अपग्रेड किया गया है। इसका उद्देश्य जम्मू-कश्मीर से अमृतसर आने वाले लोगों को किफायती और आरामदायक आवास उपलब्ध करवाना है। विशेष रूप से चिकित्सा उपचार के लिए अमृतसर आने वाले मरीजों तथा उनके परिजनों को इससे सुविधा मिलेगी। नवीनीकरण एवं अपग्रेडेशन का कार्य अक्टूबर 2025 में शुरू किया गया था, जो लगभग 2.30 करोड़ रुपये की लागत से पूरा किया गया है। इसके



तहत सिविल एवं विद्युत कार्यों के अलावा इंटीरियर, अतिथि सुविधाओं, बाहरी विकास तथा अन्य संबंधित बुनियादी ढांचे के कार्य किए गए हैं। अपग्रेड की गई सुविधा में चार गेस्ट रूम हैं, जिनके साथ ड्रेसिंग एरिया और वॉशरूम की सुविधा है। इसके अलावा कॉमन सिटिंग लाउंज, डाइनिंग एरिया और रसोई भी उपलब्ध है। शहर के प्रमुख अस्पतालों और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों के निकट स्थित जम्मू-कश्मीर हाउस मरीजों और उनके परिजनों के लिए एक महत्वपूर्ण सहायता सुविधा के रूप में काम करेगा। इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर से आने वाले विद्यार्थियों, श्रद्धालुओं और अन्य आगंतुकों को भी इसका लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने नवीनीकृत सुविधाओं का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को मेहमानों के लिए उच्च स्तर की आतिथ्य सेवा, स्वच्छता तथा उचित रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस



अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुविधा जम्मू-कश्मीर से बाहर उपचार के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिवारों को होने वाली कठिनाइयों को कम करने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि अन्य आगंतुकों के लिए भी यह सुविधाजनक और किफायती ठहरने की सुविधा उपलब्ध करवाएगी। मुख्यमंत्री ने जम्मू-कश्मीर हाउस के नवीनीकरण एवं अपग्रेडेशन में योगदान देने वाले विभिन्न विभागों और अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की तथा सुविधा को उच्च मानकों के अनुरूप बनाए रखने पर जोर दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री नासिर असलम वानी, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री धीरज गुप्ता, जम्मू-कश्मीर के रेजिडेंट कमिश्नर श्री रमेश कुमार, सचिव हॉस्पिटैलिटी एवं प्रोटोकॉल श्रीमती अवनी लवासा, अतिरिक्त रेजिडेंट कमिश्नर श्री अनिल शर्मा सहित जम्मू-कश्मीर एवं पंजाब सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

page 6_Layout 1 17-09-2026 16:10 Page 1

आवाज भारती फिल्मी तड़का

मिर्जापुर: द मूवी की खास स्क्रीनिंग में पहुंचीं अमृता फडणवीस और सुप्रिया सुले

मुंबई एक्सेल एंटरटेनमेंट की 'मिर्जापुर- द मूवी' की शानदार थिएट्रिकल रन के बीच, निर्माता रितेश सिधवानी और निर्देशक गुरमीत सिंह ने अमृता फडणवीस और सुप्रिया सुले के लिए फिल्म की खास स्क्रीनिंग रखी!

एक्सेल एंटरटेनमेंट और अमेज़न एमजीएम स्टूडियोज़ की फिल्म 'मिर्जापुर- द मूवी', जिसमें पंकज त्रिपाठी, दिव्येंदु और अली फ़ज़ल मुख्य भूमिकाओं में हैं, भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी और बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक बनकर उभरी है। यह फिल्म भारत की सबसे लोकप्रिय कल्ट फ्रेंचाइज़ी में से एक 'मिर्जापुर' की कहानी को बड़े पर्दे पर लेकर आई है।

फिल्म की घोषणा के बाद से ही दर्शक 'मिर्जापुर' की दुनिया को बड़े पर्दे पर देखने के लिए उत्साहित थे। निर्माता रितेश सिधवानी का विज़न इस कल्ट फ्रेंचाइज़ी को बड़े स्तर पर सिनेमाघरों तक पहुंचाना था। 'मिर्जापुर- द मूवी' की शानदार थिएट्रिकल रन के बीच, निर्माता रितेश सिधवानी और निर्देशक गुरमीत सिंह ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस और लोकसभा सांसद सुप्रिया सुले के लिए फिल्म की खास स्क्रीनिंग रखी। इस स्क्रीनिंग में फिल्म के निर्माता और निर्देशक के साथ अभिनेता दिव्येंदु भी मौजूद रहे। इसके अलावा, 'मिर्जापुर- द मूवी' को सिनेमाघरों में दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल



रहा है। देश के अलग-अलग बाजारों में बड़ी संख्या में दर्शक फिल्म देखने पहुंच रहे हैं। फिल्म के शानदार प्रदर्शन ने इसे 2026 की सबसे बड़ी हिंदी हिट फिल्मों में शामिल कर दिया है। दुनिया भर में 223 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई के साथ 'मिर्जापुर- द मूवी' ने स्ट्रीमिंग की दुनिया में पहले से मशहूर इस फ्रेंचाइज़ी को बड़े पर्दे पर भी एक बड़ी सफलता में बदल दिया है। अमेज़न एमजीएम स्टूडियोज़ और एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत 'मिर्जापुर- द मूवी' का निर्देशन गुरमीत सिंह ने किया है। फिल्म की कहानी और लेखन पुनीत कृष्णा ने किया है, जबकि इसका निर्माण रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर ने एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया है। फिल्म के सह-निर्माता कासिम जगमगिया और विशाल रामचंदानी हैं। 'मिर्जापुर- द मूवी' 4 सितंबर 2026 को हिंदी और तेलुगु भाषाओं में सिनेमाघरों में रिलीज़ हुई।

'प्रेम कीटाणु' का इमोशनल गाना 'इश्क का गुलाम' आया सामने, दिल टूटने के दर्द को करता है बयां

अभिनेता वीर पहाड़िया की आगामी हिंदी रोमांटिक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म %प्रेम कीटाणु% के मेकर्स ने गुरुवार को गाना %इश्क का गुलाम% रिलीज कर दिया है। यह एक भावुक और दिल टूटने के दर्द को बयां करने वाला गीत है। इस गाने को मशहूर गायक बी प्राक और सुकृति कक्कड़ ने अपनी आवाज दी है। बी प्राक ने अपनी सिग्नेचर गहरी और दर्दभरी आवाज से गाने के भावनात्मक पहलुओं को उभारा है, वहीं सुकृति कक्कड़ की आवाज इसमें एक अलग गहराई जोड़ती है। यह गाना प्यार में मिलने वाले दर्द, तड़प, कमजोरी और अधूरे प्यार के बाद रह जाने वाले



खालीपन को दर्शाता है। यह उन यादों की बात करता है जिन्हें चाहकर भी भुलाया नहीं जा सकता। यह गाना प्यार के पीछे छूटे खालीपन और किसी के चले जाने के बाद भी यादों के बने रहने की बात करता है। %उंदी बुंदी%, %कहो तो% और %तू मेरा ईयो% के बाद यह नया गाना फिल्म में एक और रोमांटिक एहसास जोड़ता है, जो युवावस्था, दोस्ती और प्यार की कहानी को दिखाती है। यह गाना जी म्यूजिक कंपनी के यूट्यूब चैनल और सभी बड़े म्यूजिक प्लेटफॉर्म पर मौजूद है।

गायक बी प्राक ने गाने को लेकर अपनी उत्सुकता जाहिर करते हुए कहा कि फिल्म से जुड़ना उनके लिए किसी सपने जैसा है और यह गाना उनके दिल के बेहद करीब है। उन्होंने कहा, ÷%इश्क का गुलाम% गाने के जरिए प्रेम कीटाणु का हिस्सा बनना सपने जैसा लग रहा है और इस गाने के जरिए प्यार के एहसास को दिल टूटने और उसके बाद आने वाले गम के जरिए पूरा किया है।÷

अपूर्व सिंह कार्की द्वारा निर्देशित और गौरव वर्मा द्वारा निर्मित फिल्म कॉलेज के दिनों की मस्ती, दोस्ती, एकतरफा प्यार और दिल टूटने जैसे अनुभवों के इर्द-गिर्द घूमती है। कई जगह दावा किया जा रहा है कि यह चर्चित मलयालम हिट फिल्म %प्रेमालू% का रीमेक है।

फिल्म में वीर पहाड़िया के अलावा अपारशक्ति खुराना, आफिया सैयद, राकेश बेदी और निखिल मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

'महाकाव्य श्री रामायण कथा' का ट्रेलर रिलीज, बड़े पर्दे पर दिखेगी रामायण की दिव्य गाथा

फिल्म 'महाकाव्य श्री रामायण कथा- श्री राम की' के मेकर्स ने गुरुवार को इसका ट्रेलर रिलीज कर दिया। यह फिल्म प्राचीन महाकाव्य रामायण की गाथा को बड़े पर्दे पर पेश करती है, जिसका उद्देश्य इसके मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। ट्रेलर में श्री राम और माता सीता की दिव्य यात्रा की झलक देखने को मिलीत है। फिल्म में देव शर्मा श्री राम के रूप में हैं, तो अंजलि अरोड़ा माता सीता का किरदार निभाती नजर आ रही हैं और रजनीश दुग्गल रावण के रोल में हैं। ट्रेलर में रामायण के कुछ महत्वपूर्ण पल दिखाए गए हैं, जिसमें श्री राम



और माता सीता के बीच का रिश्ता, वनवास के दौरान उनकी यात्रा, सीता हरण, हनुमान जी की भक्ति और धर्म और अधर्म के बीच अंतिम लड़ाई शामिल है। ट्रेलर में फिल्म के मुख्य संदेश को %अधर्म के सामने धर्म का नाम, श्री राम% लाइन के जरिए दिखाया गया है, जिसमें धर्म और मर्यादा कहानी के मुख्य विषय हैं। फिल्म के म्यूजिक में कई मशहूर और उम्दा गायकों ने अपनी आवाज दी, जिनमें कैलाश खेर, जावेद अली, फरहाद भीवंडीवाला, अनुराग शर्मा और सुनील सोनी जैसे गायक शामिल हैं, जिन्होंने हिंदी और छत्तीसगढ़ी गानों को गाया है। इसमें गायक शान की भी आवाज एक गाने में होगी।

ट्रेलर रिलीज से पहले मेकर्स ने इसका टीजर और तीन गाने %सिया राम%, %राम जी की सेना% और %हे हनुमान% रिलीज किए थे, जिन्हें संगीत प्रेमियों की तरफ से खूब प्रशंसा मिली थी, हालांकि फिल्म के और भी गाने रिलीज होने वाले हैं। अभिषेक सिंह द्वारा निर्देशित फिल्म 'महाकाव्य श्री रामायण कथा- श्री राम की' में शील वर्मा लक्ष्मण और निर्भय वाधवा हनुमान के किरदार में नजर आएंगे। इसका निर्माण प्रकाश महोबिया और संजय बुंदेला ने किया है, सह-निर्माता हनी कुलदीप अग्रवाल और मोनिका सेन हैं और इसे एजे फिल्म एंटरटेनमेंट वर्ल्ड के अजय कनौजिया ने प्रस्तुत किया जा रहा है। यह फिल्म 25 सितंबर को पूरे भारत में सिनेमाघरों में हिंदी और छत्तीसगढ़ी में एक साथ रिलीज की जाएगी।

रसिका ने याद किया स्ट्रगल का दौर, कहा- 2016 के बाद बदली किस्मत, ओटीटी ने दिलाई पहचान

अभिनेत्री रसिका दुग्गल हाल ही में नेहा धूपिया और अंगद बेदी के शो 'डबल डेट' में गई थीं। इस शो में उन्होंने करियर, स्ट्रगल, शादी और कॉलेज के दिनों के बारे में बात की। एपिसोड में नेहा धूपिया ने रसिका दुग्गल के कामों की तारीफ करते हुए कहा, रसिका, तुम खुद एक जॉनर बन गई हो और यह कमाल की बात है। बातचीत में रसिका दुग्गल ने उस पल के बारे में भी बताया जब उन्हें लगा कि इंडस्ट्री में अब उनकी जगह बन गई है। जब उनसे पूछा गया कि उन्हें सच में कब लगा कि वह इंडस्ट्री का हिस्सा हैं, तो रसिका ने उस दौर को याद किया जब उनके काम में निरंतरता आने लगी थी। रसिका दुग्गल ने कहा, जब से मेरे काम में निरंतरता आई, वह 2016-17 के बीच का समय था। मैं 2006 में एफटीआईआई से निकली थी, तो इसके पूरे 10 साल बाद ऐसा हुआ। बीच में भी ऐसे काम मिलते रहे, जिन्होंने मुझे हिम्मत दी और बनाए रखा लेकिन वे 2016 के बाद किए गए काम जितने चर्चित नहीं थे। रसिका ने इस निरंतर दौर से पहले की कुछ फिल्मों को भी याद किया, जिनमें 'किस्सा' और 'क्षय' जैसी फिल्में शामिल थीं, जिन्होंने उन्हें इंडस्ट्री के बेहतरीन टैलेंट के साथ काम करने का मौका दिया। हालांकि, उन्होंने बताया कि 2016 के बाद के समय में बड़ा बदलाव आया, जब उन्हें लगातार कई प्रोजेक्ट मिलने लगे। उन्होंने कहा, '2016 के बाद ही 'मंटो', 'मिर्जापुर' और 'दिल्ली क्राइम' जैसे काम और कुछ दूसरे प्रोजेक्ट लगातार मिलने लगे और इसकी बड़ी वजह ओटीटी प्लेटफॉर्म्स का आना था। तब मुझे लगा कि यह किसी आंदोलन जैसा था। रसिका की लेटेस्ट रिलीज 'मिर्जापुर- द मूवी' है। भारतीय एक्शन क्राइम थ्रिलर फिल्म में रसिका दुग्गल बीना त्रिपाठी (कालीन भैया की पत्नी और मुन्ना की सौतेली मां) का किरदार निभाया है। यह फिल्म 'मिर्जापुर' वेब सीरीज का कोई अगला सीजन नहीं है बल्कि मिर्जापुर की दुनिया को बड़े पर्दे पर एक नए और बड़े कैनवस पर पेश किया गया। इसमें एक बिल्कुल नई कहानी और कुछ नए किरदार देखने को मिलेंगे, जो वेब सीरीज में नहीं दिखाए गए थे। फिल्म में मुन्ना भैया और कालीन भैया के व्यवहार से जुड़े कई अनसुलझे सवालों के जवाब और किरदारों की बैकस्टोरी भी देखने को मिले। फिल्म अमेजन एमजीएम स्टूडियोज और एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाई गई है। इसका निर्देशन गुरमीत सिंह ने किया है जबकि कहानी पुनीत कृष्णा ने लिखी है। फिल्म का निर्माण रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर ने किया है। इसके सह-निर्माता कासिम जगमगिया और विशाल रामचंदानी हैं। 'मिर्जापुर द मूवी,' पंकज त्रिपाठी, अली फजल, श्वेता त्रिपाठी, रसिका दुगल और दिव्येंदु शर्मा अपने पुराने किरदारों में नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही जितेंद्र कुमार, सोनल चौहान और रवि किशन भी अहम भूमिका में दिखेंगे।



शिल्पा शेट्टी ने किए लालबागचा राजा के दर्शन, 100 साल पुराने झुमके ने खींचा ध्यान

अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी हाल ही में छोटी बहन समिता शेट्टी और परिवार के साथ मुंबई के लालबागचा राजा के दर्शन करने के लिए गई थीं, जहां उन्होंने बप्पा का आशीर्वाद लिया। इस दौरान अभिनेत्री के पारंपरिक लुक ने खास चर्चा बटोरी। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में अभिनेत्री बहन शमिता शेट्टी और परिवार संग लालबागचा राजा के दरबार में नजक आ रही हैं। अभिनेत्री बप्पा का आशीर्वाद लेने के बाद मूषक महाराज से बात करने के लिए भी थोड़ा समय मांगती हैं। जारी किए गए वीडियो में शिल्पा शेट्टी कहती सुनाई दे रही हैं कि वह मूषक जी के कान में कुछ कहना चाहती हैं। मान्यता है कि मूषक जी के कान में अपनी इच्छा बताने से वह बात गणपति जी तक पहुंच जाती है।शिल्पा इस परंपरा को निभाना चाहती थीं लेकिन दर्शन के लिए भारी भीड़ होने के कारण उन्हें इजाजत नहीं मिली। हालांकि, लालबागचा राजा के दर्शन के दौरान अभिनेत्री और उनकी बहन के पारंपरिक लुक ने ज्यादा चर्चा बटोरी। खासकर शिल्पा शेट्टी के झुमकों ने। वीडियो में वह कहती सुनाई दीं कि उनके झुमके 100 साल पुराने हैं। वीडियो में शिल्पा खूबसूरत साड़ी और स्लीवलेस हाई-नेक मरून ब्लाउज में नजर आई। उन्होंने अपने लुक को पारंपरिक ज्वेलरी, चूड़ियों और अंगूठियों के साथ पूरा किया। वहीं, उनकी छोटी बहन और अभिनेत्री शमिता शेट्टी रॉयल ब्लू एथनिक आउटफिट



में थीं। बता दें, शिल्पा हर साल गणेश चतुर्थी का त्योहार पूरे परिवार के साथ मनाती हैं। उन्होंने इस बार डेढ़ दिन के लिए अपने घर गणपति को लाई थीं और मंगलवार को विसर्जन के दौरान वह जमकर नाचती हुई नजर आई।

अभिनेत्री ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर अपने घर में भी बप्पा का स्वागत किया था। इस बार अभिनेत्री प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) या सामान्य मिट्टी की जगह पेपर माशे से बनी इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमा को घर लेकर आई थी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बताया कि पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए उनका परिवार पिछले कई सालों से गणपति की प्रतिमा को लेकर लगातार बदलाव कर रहा है।

बप्पा के आगमन के बाद उनके घर में कई बॉलीवुड कलाकार और मशहूर हस्तियां भी शामिल हुईं। हालांकि, उन्होंने केवल डेढ़ दिन के लिए बप्पा को रखा था और मंगलवार को ढ़ोल नगाड़ों के साथ बप्पा का विसर्जन किया।

अभिनेत्री नम्रता शिरोडकर ने परिवार संग किया गणपति बप्पा का विसर्जन


अभिनेत्री नम्रता शिरोडकर गणपति हर साल पूरे उत्साह और भक्ति के साथ अपने घर बप्पा का स्वागत करती हैं। इस साल भी उन्होंने परिवार संग परंपरा के अनुसार गणपति बप्पा का स्वागत किया और तीन दिन तक रखने के बाद गणपति बप्पा का विसर्जन किया। गुरुवार को अभिनेत्री ने सोशल मीडिया के जरिए इस विसर्जन की झलक शेयर की। नम्रता शिरोडकर ने इंस्टाग्राम पर इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उनके बच्चे बेटी सितारा और बेटा गौतम, परिवार के साथ गणपति बप्पा को विदा करते नजर आए। एक झलक में नम्रता अपनी बेटी और बेटे के साथ गणपति की पूजा करती दिखीं। परिवार खूबसूरती से सजाई गई मूर्ति के चारों ओर इकट्ठा नजर आया, जहां फूल और पारंपरिक सजावट की गई थी। नम्रता ने इससे पहले भगवान गणेश की आरती करते हुए अपना एक वीडियो भी शेयर किया था। एक और तस्वीर में वह अपने पालतू जानवरों के साथ गणपति की मूर्ति के सामने चमकीले गुलाबी पारंपरिक परिधान में पोज देती नजर आईं। त्योहार की तस्वीर शेयर करते हुए नम्रता ने लिखा, गणपति बप्पा मोरया... आप सभी को गणेश चतुर्थी की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। अभिनेत्री नम्रता शिरोडकर महाराष्ट्रियन परिवार से ताल्लुक रखती हैं और उनके लिए गणेश चतुर्थी का त्योहार बहुत महत्व रखता है। वह जानी-मानी मराठी एक्ट्रेस मीनाक्षी शिरोडकर की पोती और एक्ट्रेस शिल्पा शिरोडकर की बड़ी बहन हैं। नम्रता ने अपने करियर की शुरुआत एक मॉडल के तौर पर की थी और 1993 में मिस इंडिया का ताज पहना था। बाद में उन्होंने फिल्मों में कदम रखा और 'वास्तव- द रियलिटी', 'कच्चे धागे', 'पुकार' 'अस्तित्व', 'आगाज', 'अलबेला' और 'ब्राइड एंड प्रेजुडिस' जैसी फिल्मों में दिखाई दीं। हिंदी फिल्मों में काम करने के साथ-साथ अभिनेत्री ने साउथ इंडस्ट्री में भी काम किया है।

तेलुगु फिल्म 'वामसी' उनकी पर्सनल लाइफ में खास तौर पर अहम है क्योंकि इसके निर्माण के दौरान उनकी मुलाकात एक्टर महेश बाबू से हुई थी। नम्रता और महेश बाबू ने 2005 में शादी की और उनके बच्चे गौतम और सितारा हैं। इसके बाद उन्होंने एक्टिंग से दूरी बना ली और अपनी फैमिली लाइफ में व्यस्त हो गईं।

पा. रंजीत की पहली फिल्म 'वेट्टुवम' का ऐलान, आज दोपहर 12 बजे होगा बड़ा खुलासा

निर्देशक पा. रंजीत 'कबाली', 'काला', 'थंगलान' और 'सरपट्टा परंबराई' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों को बनाने के बाद अब 'वेट्टुवम' के साथ बड़े पैन-इंडिया रिलीज की तैयारी कर रहे हैं! जाने माने तमिल डायरेक्टर पा. रंजीत ने अपनी पहली पैन-इंडिया फिल्म %वेट्टुवम% के एलान के साथ दिन की सबसे बड़ी खबर साझा की है। एक दिलचस्प पोस्टर के साथ एक्लेम्ड डायरेक्टर की इस फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्सुकता की लहर दौड़ गई है। पा. रंजीत अपनी इस फिल्म के साथ कहा जा रहा है कि सबसे बड़ी पैन-इंडिया तमिल फिल्मों में से एक बनाने जा रहे हैं। यह फिल्म उनके अनोखे नजरिए और शानदार सिनेमाई अंदाज के साथ एक कमाल की कहानी पेश करने का वादा करती है। यह फिल्म बेहद अलग होने के साथ दिलचस्प होने वाली है जैसे दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखा है। फिल्म का अब तक सिर्फ पोस्टर रिलीज़ हुआ है लेकिन इसकी इस एक झलक से यह साफ है कि यह फिल्म एक अलग अनुभव बनने वाली है।

यह फिल्म पारंपरिक भारतीय खेल से जुड़ी हुई लग रही है, क्योंकि इसके पोस्टर में मल्लखंबा की झलक है जिसपर खिलाड़ी चढ़ रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि भारत के इतिहास से जन्मे मल्लखंबा के बारे में सालों बाद फिल्म के जरिए डायरेक्टर इसकी कहानी को मेनस्ट्रीम में लाने के लिए तैयार हैं। मल्लखंबा एक पारंपरिक खेल



है, जिसकी शुरुआत भारतीय उपमहाद्वीप से हुई थी। इस खेल में जिमनास्ट एक खड़े पोल के चारों ओर घूमते हुए कुश्ती की पकड़ का इस्तेमाल करके एरियल योगा और जिमनास्टिक आसन करते हैं। ऐसे में मेकर्स फिल्म वेट्टुवम की दुनिया की एक बड़ी झलक कल यानी 18 सितंबर 2026 को दोपहर 12 बजे पेश करने वाले हैं। हाल में मेकर्स ने वेट्टुवम का पोस्टर साझा करते हुए अपने सोशल मीडिया पर कैप्शन में लिखा है - ५एक ऐसी दुनिया जो हमारी अब तक की सबसे अलग है। एक ऐसी दुनिया जो किसी और जैसी नहीं...। पा. रंजीत को इसके अलावा बड़ी फिल्में जैसी 'कबाली', 'काला', 'सरपट्टा परंबराई' और 'थंगलान' के डायरेक्शन के लिए जाना जाता है। 'कबाली' ने दुनिया भर में 320 करोड़ से ज्यादा की उस समय कमाई करते हुए खुद को सबसे बड़ी तमिल फिल्मों में से एक बना लिया था। जबकि 'काला' ने ब्रिटिश फिल्म इंस्टीट्यूट की 'साइट एंड साउंड' मैगजीन की '21वीं सदी की 25 फिल्मों' की लिस्ट में जगह हासिल की मथी और इस मुकाम को हासिल करने वाली वह इकलौती भारतीय फिल्म थी।

ऐसे में पा. रंजीत द्वारा 'वेट्टुवम' के साथ वापसी करना उत्सुकता को बढ़ाने जैसा है। मेकर्स इस फिल्म की दुनिया को आकार देने के लिए इसे बड़े पैमाने पर बनाने वाले हैं। यह फिल्म तमिल, तेलुगु, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में पैन-इंडिया रिलीज होगी।

जब लता मंगेशकर ने कहा- 'नरेंद्र भाई बाकी नेताओं से अलग, उनका ध्यान लोगों के लिए कुछ करने पर रहता है'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर को अपना 76वां जन्मदिन मनाएंगे। इस मौके पर उनसे जुड़ी कई यादें और किस्से एक बार फिर चर्चा में हैं। इनमें भारत रत्न स्वर्गीय लता मंगेशकर के साथ उनका किस्सा भी शामिल है। लता मंगेशकर उन्हें %नरेंद्र भाई% कहकर संबोधित करती थीं। दोनों के बीच भाई-बहन जैसा रिश्ता था और लता मंगेशकर हर साल रक्षाबंधन पर उन्हें राखी भी भेजती थीं। लता मंगेशकर ने एक लेख में बताया था कि वह पीएम मोदी के काम करने के तरीके और उनके इरादों से काफी प्रभावित थी। लता मंगेशकर ने %मोदी एट 20- ड्रीम्स मीट डिलीवरी% किताब की प्रस्तावना में पीएम मोदी को लेकर अपने विचार लिखे थे। इसमें उन्होंने लिखा कि मैं उनको कई सालों से जानती थीं और लोगों के लिए किए गए उनके काम को काफी दिलचस्पी से देखती थीं। उनकी प्राथमिकताएं कुछ अलग दिखाई देती हैं और उनकी बातचीत से मुझे यह महसूस हुआ कि उनका ध्यान सत्ता से ज्यादा लोगों के लिए कुछ करने पर है। लता मंगेशकर ने महात्मा गांधी का उदाहरण देते हुए कहा था कि जिस तरह गांधीजी ने आजादी की लड़ाई को जन आंदोलन बनाया और आम लोगों को उससे जोड़ा, उसी तरह नरेंद्र भाई देश की विकास यात्रा को भी एक जन आंदोलन से जोड़ने की कोशिश कर रहे थे। अपने इस आकलन को उन्होंने किताब की प्रस्तावना में दर्ज किया था।

लता मंगेशकर, पीएम मोदी को अपना भाई मानती थीं और वह भी उन्हें अपनी बड़ी बहन कहते थे। लता मंगेशकर के भाई हृदयनाथ मंगेशकर ने बताया था कि उनकी बहन और पीएम मोदी के बीच कई दशकों से सम्मान और अपनापन था। लता दीदी रक्षाबंधन पर उन्हें राखी भेजती थीं और वह भी फोन या चिट्ठी के जरिए जवाब देते थे। जब वह उनसे मिलने जाते थे तो लता उन्हें गुजराती खाना भी खिलाती थीं।



page 7_Layout 1 17-09-2026 18:34 Page 1

भारत में सेमीकंडक्टर उद्योग की नींव रखी जा चुकी है, अब इसे तेजी से आगे बढ़ाने का समय है: अश्विनी वैष्णव

डेली आवाज भारती


नई दिल्ली । केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को कहा कि भारत में सेमीकंडक्टर उद्योग की नींव रखी जा चुकी है और अब इस उद्योग को अगले स्तर तक ले जाने का समय आ गया है। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित %सेमीकॉन इंडिया 2026% के दौरान न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में केंद्रीय मंत्री ने कहा, ÷चाहे सामग्री (मटेरियल्स) हो, मशीनरी हो, नए फैब संयंत्र हों, एटीएमपी इकाइयां हों, डिजाइन हो या प्रतिभा विकास, हमारा प्रयास इन सभी को भारत में विकसित करने का है।÷ उन्होंने कहा कि %सेमीकॉन 2.0% के तहत भारत का सेमीकंडक्टर उद्योग छह प्रमुख स्तंभों पर आगे बढ़ेगा। सेमीकॉन 2.0 के छह स्तंभ हैं - डिजाइन, मशीनरी और मटेरियल्स, अधिक फैब इकाइयों की स्थापना, एटीएमपी/ओसैट उद्योग को और मजबूत करना, अनुसंधान एवं विकास आरएंडडी) तथा प्रतिभा विकास। अश्विनी वैष्णव ने आगे कहा, ÷सेमीकॉन 1.0 में हमारे पास बड़ी संख्या में स्टार्टअप्स थे, जो यह देख रहे थे कि चिप डिजाइनिंग कैसे की जा सकती है। इसमें हमें अच्छी सफलता मिली। 105 से अधिक स्टार्टअप्स ने इसमें भाग लिया और उनमें से लगभग 20 को करीब 800 करोड़ रुपए की वेंचर कैपिटल फंडिंग भी मिली। यह तो सिर्फ शुरुआत थी। इसके अलावा,



इस दौरान इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी सचिव एस. कृष्णन ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि इस वर्ष का आयोजन पिछले साल की तुलना में कहीं अधिक बड़ा है। उन्होंने कहा, करीब 40,000 प्रतिनिधियों ने पंजीकरण कराया है। प्रदर्शनी में 600 से अधिक कंपनियां भाग ले रही हैं। 52 देशों के प्रतिनिधि इसमें शामिल हो रहे हैं और प्रदर्शनी में भाग लेने वाली 300 से अधिक कंपनियां विदेशी हैं। यह इस बात को दर्शाता है कि सेमीकंडक्टर निर्माण के गंतव्य के रूप में दुनिया का भारत पर कितना भरोसा बढ़ा है। सरकार के अनुसार, सेमीकॉन 2.0 के तहत समर्थित परियोजनाओं की अवधि सामान्य तौर पर छह वर्ष तक होगी, जबकि यह योजना शुरुआती तौर पर तीन वर्ष तक आवेदन के लिए खुली रहेगी। इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) इस योजना की नोडल एजेंसी होगी। यह आवेदन आमंत्रित करेगा, तकनीकी और वित्तीय मूल्यांकन करेगा, चयनित आवेदकों की सिफारिश करेगा और परियोजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी करेगा। योजना के प्रभाव का आकलन करने और आवश्यकता पड़ने पर इसमें संशोधन या विस्तार पर विचार करने के लिए तीन वर्ष बाद या जरूरत के अनुसार मध्यावधि समीक्षा भी की जाएगी। इस बीच सरकार ने सेमीकॉन 2.0 योजना के सभी छह स्तंभों को आधिकारिक रूप से अधिसूचित कर दिया है। इसे भारत की सेमीकंडक्टर डिजाइन और विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

यूपीआई भारत की डिजिटल ताकत है, व्यापारियों और आम जनता पर अतिरिक्त बोझ न डाला जाए : राव नरेंद्र सिंह

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने केंद्र सरकार द्वारा यूपीआई लेनदेन पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लगाने के फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यूपीआई भारत की डिजिटल ताकत है और सरकार को ऐसी कोई व्यवस्था नहीं बनानी चाहिए जिससे व्यापारियों तथा आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ की आशंका पैदा हो। राव नरेंद्र सिंह ने स्पष्ट कहा कि केंद्र सरकार को पारदर्शिता के साथ इस मुद्दे पर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए और जनहित में इस फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कदम डिजिटल भुगतान की उस क्रांति को कमजोर करने वाला है, जिसने देश को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि छोटे और मध्यम व्यापारियों पर पहले से ही कई तरह के आर्थिक दबाव हैं। ऐसे में यूपीआई पर शुल्क लगाने से व्यापारियों को अतिरिक्त लागत का सामना करना पड़ेगा, जिसका असर अंततः आम उपभोक्ताओं पर पड़ सकता है। महंगाई और आर्थिक चुनौतियों के इस दौर में सरकार को राहत देने वाले कदम उठाने चाहिए, न कि नए बोझ बढ़ाने वाले। राव नरेंद्र सिंह ने केंद्र सरकार से अपील की कि वह यूपीआई को पूरी तरह शुल्क-मुक्त रखते हुए इसकी पहुंच और विश्वसनीयता को और मजबूत करे।

जिला कलक्टर देशलदान ने तहसील कार्यालय साबला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

डेली आवाज भारती

डूंगरपुर। जिला कलक्टर देशलदान ने गुरुवार को उपखंड क्षेत्र साबला के तहसील कार्यालय साबला का तहसील स्तर पर संचालित राजस्व कार्यों एवं कार्यालयीन व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान तहसील कार्यालय में दर्ज राजस्व प्रकरणों, राजस्व रिकॉर्ड के संधारण तथा लंबित प्रकरणों के निस्तारण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं कार्मिकों को निर्देश दिए गए कि राजस्व प्रकरणों का नियमानुसार समयबद्ध एवं प्राथमिकता के साथ निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अपने राजस्व संबंधी कार्यों के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें।उन्होंने किसानों के फसलों से संबंधित गिरदावरी करने की जानकारी लेते हुए समय पर



किसानों के फसलों की गिरदावरी करने के निर्देश प्रदान की।

रिकॉर्ड रूम के निरीक्षण के दौरान ऑफलाइन एवं ऑनलाइन रिकॉर्ड के संधारण की स्थिति की जानकारी ली गई। पुराने अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव के साथ आवश्यक रिकॉर्ड को ऑनलाइन किए जाने एवं रिकॉर्ड को अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए।

विधिक शाखा के निरीक्षण के दौरान लंबित एवं पुराने प्रकरणों के रिकॉर्ड की जानकारी लेते हुए उनका नियमानुसार समय पर निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सीमा ज्ञान से संबंधित प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा कर लंबित मामलों में आवश्यक कार्रवाई समयबद्ध रूप से करने के निर्देश दिए गए।

संस्थापन शाखा के निरीक्षण के दौरान शाखा में संधारित सभी ऑफलाइन रिकॉर्ड एवं अभिलेखों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन पोर्टल पर अद्यतन करने के निर्देश दिए गए। कार्यालयीन रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण एवं नियमित अपडेट पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा गया।

निरीक्षण के दौरान तहसील कार्यालय में उपस्थित आमजन से से संवाद करते हुए राजस्व संबंधी कार्यों के संबंध में जानकारी ली गई तथा संबंधित अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान क्षेत्र में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि योजनाओं के पात्र एवं अब तक वंचित लाभार्थियों को चिन्हित कर उन्हें नियमानुसार योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने साबला बस स्टैंड एवं क्षेत्र में साफ-सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

मिशन निदेशक एनएचएम ने किशनपोल चिकित्सालय में रक्तदान शिविर एवं मदर लैब का किया निरीक्षण

डेली आवाज भारती

जयपुर। मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) डॉ. जोगाराम ने राजकीय सैटेलाइट किशनपोल चिकित्सालय में आयोजित विकसित भारत-जन सेवा अभियान के तहत रक्तदान शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में रक्तदान कर रहे लोगों से बातचीत कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर डॉ. जोगाराम ने रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का उत्कृष्ट माध्यम है। स्वैच्छिक रक्तदाताओं के योगदान से जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में सहायता मिलती है। उन्होंने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वस्थ एवं पात्र व्यक्तियों को नियमित रूप से रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए



तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। मिशन निदेशक ने राजकीय सैटेलाइट किशनपोल चिकित्सालय में संचालित हब एंड स्पोक–मदर लैब का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्यमंत्री निःशुल्क जांच योजना के तहत संचालित जांच प्रक्रिया की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने सैंपल कलेक्शन, ऑनलाइन एंट्री, बारकोड सिस्टम, सैंपल प्रोसेसिंग, रिपोर्ट वेरिफिकेशन एवं रिपोर्ट भेजने की प्रक्रिया को देखा और संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। डॉ. जोगाराम ने निर्देश दिए कि जांच सेवाओं में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि तकनीक आधारित बारकोडिंग एवं ऑनलाइन मॉनिटरिंग से जांच प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और विश्वसनीय बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री निःशुल्क जांच योजना के माध्यम से आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मरीजों को समय पर सही जांच रिपोर्ट उपलब्ध हो, इसके लिए सभी स्तरों पर सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए।

पीएम मोदी को जन्मदिन पर दुनिया से मिल रही बधाई, किसी ने बताया 'विश्वासपात्र' तो कोई बोला 'सच्चे मित्र'

डेली आवाज भारती

रोसेउ । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन पर बधाई संदेशों का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में, डोमिनिका के प्रधानमंत्री रूजवेल्ट स्केरिट ने गुरुवार को पीएम को दिल से बधाई दी और उनके अच्छी सेहत की कामना की। स्केरिट ने एक्स पोस्ट में कहा, ÷कॉमनवेल्थ ऑफ डोमिनिका की सरकार और यहां के लोगों की ओर से, मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई देता हूं। आने वाला साल आपके लिए अच्छा स्वास्थ्य और भारत के लोगों की सेवा में जुटे रहने के लिए निरंतर शक्ति प्रदान करे।÷ भारत में कई विदेशी राजदूतों और राजनयिक मिशनों ने भी प्रधानमंत्री मोदी को



जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी और भारत तथा उनके देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे संबंधों और करीबी साझेदारी पर जोर दिया। भारत में श्रीलंका की उच्चायुक्त महिषिनी कोलोने ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ÷प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। श्रीलंका भारत के साथ अपनी स्थायी दोस्ती और करीबी साझेदारी को बहुत महत्व देता है। प्रधानमंत्री मोदी के अच्छे स्वास्थ्य, खुशी और निरंतर सफलता की कामना करती हूं। भारत में नीदरलैंड दूतावास ने भी प्रधानमंत्री मोदी को उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने मई 2026 में उनकी यात्रा के दौरान हुई रणनीतिक साझेदारी और उसके बाद दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग के मजबूत होने को याद किया। भारत में स्थित नीदरलैंड दूतावास ने एक्स पर लिखा, ÷नीदरलैंड साम्राज्य की ओर से माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की बधाई! मई 2026 में नीदरलैंड की हालिया यात्रा के दौरान हमारी रणनीतिक साझेदारी पर हस्ताक्षर ने हमारे मौजूदा द्विपक्षीय सहयोग को नई ऊंचाई दी और हमारे संबंधों को लगातार बढ़ाया और मजबूत किया है। भारत में स्विट्जरलैंड की राजदूत माया तिसाफी ने भी पीएम मोदी को बधाई दी। उन्होंने भारत की निरंतर प्रगति और स्विट्जरलैंड-भारत के बीच गहरे सहयोग के बढ़ते अवसरों का उल्लेख किया। तिसाफी ने एक्स पोस्ट में लिखा, ÷प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके जन्मदिन पर मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। आने वाला साल उनके नेतृत्व में भारत के लिए निरंतर विकास और स्विट्जरलैंड तथा भारत के लिए मिलकर काम करने के और भी कई अवसर लेकर आए। पीएम को उनके जन्मदिन पर बधाई देते हुए, भारत में इजरायल के पूर्व राजदूत डैनियल कारमोन ने एक्स पर लिखा, ÷माननीय पीएम नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की मेरी व्यक्तिगत शुभकामनाएं–जो एक अत्यंत सम्मानित विश्व नेता, भारत के सपूत और इजरायल के मित्र हैं।

प्राथमिक शिक्षकों के लिए ब्रिज कोर्स, ऑनलाइन पढ़ाई और स्कूल में प्रशिक्षण

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली । बीएड करके प्राथमिक कक्षाओं को पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए ब्रिज कोर्स शुरू किया गया है। ब्रिज कोर्स के पाठ्यक्रम में शैक्षणिक अध्ययन के अलावा कम से कम 10 दिन की ऑनलाइन क्लास और कम से कम 20 दिन का विद्यालय आधारित अनुभव शामिल रहेगा। इस कोर्स का उद्देश्य प्राथमिक स्तर पर शिक्षकों लिए जरूरी कौशल को बेहतर करना है। शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक, यह ब्रिज कोर्स खास तौर पर उन सेवाकालीन प्राथमिक शिक्षकों के लिए तैयार किया गया है, जिन्हें 28 जून 2018 से 11 अगस्त 2023 के बीच कक्षा एक से पांच तक पढ़ाने के लिए नियुक्त किया गया था। साथ ही उनके पास बीएड की डिग्री है, लेकिन डीएलएड की योग्यता नहीं है। ऐसे शिक्षकों की नियुक्तियां राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद की 28 जून 2018 की



राजपत्र अधिसूचना के तहत संरक्षित हैं। दरअसल, उच्चतम न्यायालय ने 8 अप्रैल 2024 के अपने फैसले में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद को ऐसे प्राथमिक शिक्षकों के लिए ब्रिज कोर्स तैयार करने का निर्देश दिया था। यह मामला दीवेश शर्मा बनाम भारत संघ एवं अन्य से जुड़ा था। इसके बाद परिषद ने संबंधित शिक्षकों के लिए इस पाठ्यक्रम को तैयार किया।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने प्राथमिक शिक्षक शिक्षा में छह महीने का यह सर्टिफिकेट (ब्रिज) कोर्स लांच किया है। ब्रिज कोर्स में छह सैद्धांतिक पाठ्यक्रमों के साथ विद्यालय आधारित व्यावहारिक प्रशिक्षण शामिल होगा। इसमें अभ्यास शिक्षण, चिंतनपरक डायरी और पोर्टफोलियो जैसी गतिविधियां कराई जाएंगी। इसका उद्देश्य शिक्षकों को केवल किताबी ज्ञान देने के बजाय उसे कक्षा में लागू करने का अनुभव देना है। पाठ्यक्रम के जरिए शिक्षकों को छोटे बच्चों की अलग-अलग सीखने की जरूरतों को समझने और उनके अनुसार पढ़ाने के लिए तैयार किया जाएगा।

PGIMER ने विश्व रोगी सुरक्षा दिवस 2026 मनाया, गैर-संचारी रोगों में सुरक्षित उपचार पर रहा विशेष जोर

रोगी की सुरक्षा के मामले में स्वास्थ्यकर्मी की सतर्क नजर का कोई विकल्प नहीं हो सकता। तकनीक हमारी सहायता कर सकती है, लेकिन मरीज के पास खड़े होकर उसकी स्थिति पर नजर रखने, सतर्क रहने और चिकित्सकीय निर्णय लेने की मानवीय क्षमता का स्थान नहीं ले सकती, यह बात PGIMER के निदेशक प्रो. विवेक लाल ने आज PGIMER में विश्व रोगी सुरक्षा दिवस 2026 के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि कही। एडवांस्ड आई सेंटर, PGIMER के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के संकाय सदस्य, रेजिडेंट डॉक्टर, विद्यार्थी, नर्सिंग स्टाफ तथा अन्य स्वास्थ्यकर्मी शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रो. संजय जैन, डीन (अकादमिक्स) एवं अध्यक्ष, इंस्टीट्यूट पेशेंट सेफ्टी कमेटी; प्रो. विजय के. गोनी, कार्यवाहक चिकित्सा अधीक्षक; तथा डॉ. महेश देवानी, नोडल अधिकारी, पेशेंट

रोगी सुरक्षा की सबसे मजबूत ढाल स्वास्थ्यकर्मी की सतर्क नजर है': प्रो. विवेक लाल, निदेशक, PGIMER

सेफ्टी, विभागाध्यक्ष, हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, सहित अन्य विशेषज्ञ उपस्थित रहे। प्रो. विवेक लाल ने कहा कि चिकित्सा का पहला सिद्धांत–किसी को नुकसान न पहुंचाना–ही रोगी सुरक्षा की मूल भावना है। तकनीक और विभिन्न उपकरणों पर अत्यधिक निर्भरता से सावधान करते हुए उन्होंने कहा, यदि हम यह मान लें कि केवल AI ही रोगी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकता है, तो हम सबसे महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच–सतर्क स्वास्थ्यकर्मी–को नजरअंदाज कर सकते हैं। प्रो. लाल ने वर्ष 1986-87 में इंटर्नशिप के दौरान की एक घटना को याद करते हुए बताया कि पंजाब के एक सिविल अस्पताल में बड़ी संख्या में ट्रॉमा मरीजों के पहुंचने की संभावना थी। उस समय एक वरिष्ठ सर्जन ने उन्हें सिखाया था कि किसी आकस्मिक स्थिति में सबसे पहले तार्किक सोच प्रभावित होती है। उन्हें







आपातकालीन विभाग के बाहर तैनात किया गया था ताकि आने वाले घायलों को सही दिशा में भेजा जा सके। उन्होंने कहा, उस दिन मैंने सीखा कि रोगी सुरक्षा में छोटी-छोटी बातें ही अक्सर सबसे बड़ी भूमिका निभाती हैं। प्रो. लाल ने 27 वर्षीय एक ट्रॉमा मरीज का उदाहरण देते हुए बताया कि उसके महत्वपूर्ण जीवन संकेत सामान्य और संतोषजनक नजर आ रहे थे, लेकिन वरिष्ठ सर्जन ने मरीज को हो रहे अत्यधिक पसीने पर ध्यान दिया। आगे जांच करने पर उसकी तिल्ली (spleen) फटी हुई पाई गई और समय पर उपचार से मरीज स्वस्थ हो गया। उन्होंने कहा, सामान्य रक्तचाप या मॉनिटर पर दिखाई देने वाले संतोषजनक संकेत हमेशा पूरी कहानी नहीं बताते। हमें उन सूक्ष्म संकेतों को पहचानना सीखना होगा। रोकथाम की मजबूत संस्कृति विकसित करने का आह्वान करते हुए प्रो. लाल ने कहा, जो वास्तव में अप्रत्याशित है, वह हमेशा हमारे नियंत्रण में नहीं हो सकता, लेकिन जिसे रोका जा सकता है, उसे हर हाल में रोकना चाहिए। उन्होंने कहा कि रोगी सुरक्षा केवल बड़ी चिकित्सकीय प्रक्रियाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि सही प्रिस्क्रिप्शन, मरीज की सही पहचान, स्टेरिलाइज्ड लिनेन, सुरक्षित भोजन, उचित दस्तावेजीकरण, प्रभावी संवाद और सही हैंडओवर जैसी रोजमर्रा की प्रक्रियाएं भी इसका महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा, उचित हैंडओवर अनिवार्य है। रेजिडेंट को मरीज के बेडसाइड तक ले जाएं, उसकी समस्याओं को समझाएं और सुनिश्चित करें कि दी गई जानकारी सही तरह से समझी गई है। स्वास्थ्य सेवा से जुड़ा प्रत्येक व्यक्ति इस देखभाल व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। समापन पर प्रो. लाल ने कहा, वार्ड में अपनी सतर्क नजर खुली रखें। रोगी सुरक्षा की सबसे मजबूत परत एक सजग, जिम्मेदार और संवेदनशील स्वास्थ्यकर्मी है। इस अवसर पर प्रो. संजय जैन, डीन (अकादमिक्स) एवं अध्यक्ष, इंस्टीट्यूट पेशेंट सेफ्टी कमेटी, ने कहा कि प्रत्येक मरीज अस्पताल में बेहतर होने की उम्मीद के साथ आता है और स्वास्थ्यकर्मियों की जिम्मेदारी है कि उपचार के दौरान अनजाने में मरीज को कोई अतिरिक्त नुकसान न पहुंचे। उन्होंने कहा, यदि हम हर बार मरीज को पूरी तरह ठीक नहीं कर सकते, तो कम से कम इतना जरूर सुनिश्चित कर सकते हैं कि हमारी वजह से कोई नई समस्या या बीमारी उत्पन्न न हो। यही रोगी सुरक्षा की मूल भावना है। दवाओं की सुरक्षा पर प्रकाश डालते हुए प्रो. जैन ने एक जैसी दिखने और एक जैसे नाम वाली दवाओं (Look-Alike, Sound-Alike Medicines) से जुड़ी एक घटना का उल्लेख किया, जिसमें मरीज को निर्धारित दवा के बजाय दूसरी दवा दी जा रही थी। उन्होंने कहा, हमें कभी यह मानकर नहीं चलना चाहिए कि हम जो कर रहे हैं, वह निश्चित रूप से सही है। हमें अपनी आंखें और कान खुले रखने चाहिए तथा यह सत्यापित करना चाहिए कि मरीज को वास्तव में कौन-सी दवा दी जा रही है। प्रो. जैन ने कहा कि रोगी सुरक्षा केवल डॉक्टरों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें नर्स, तकनीशियन, रेडियोलॉजिस्ट, सपोर्ट स्टाफ तथा मरीज की देखभाल में योगदान देने वाला प्रत्येक व्यक्ति शामिल है। उन्होंने कहा, स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था अत्यंत जटिल हो चुकी है। रोगी सुरक्षा की जिम्मेदारी किसी एक समूह के भरोसे नहीं छोड़ी जा सकती। प्रो. जैन ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता का आकलन केवल अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे से नहीं, बल्कि मरीज के गिरने की घटनाओं, दवा संबंधी त्रुटियों, मरीज की सही पहचान तथा सुरक्षित रक्त आधान जैसी बुनियादी व्यवस्थाओं से भी होता है।

page 8_Layout 1 17-09-2026 19:01 Page 1

सांसद राजिंदर गुप्ता ने बरनाला में 'सेवा संकल्प अभियान' का किया शुभारंभ

डेली आवाज भारती

बरनाला/ (हेमन्त मित्तल) : प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिवस तथा मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में उनके 25 वर्ष के सार्वजनिक जीवन की पूर्णता के अवसर पर बरनाला में सांसद श्री राजिंदर गुप्ता ने महीने भर चलने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' का शुभारंभ किया। अभियान का उद्देश्य जनसेवा के साथ लोगों को सामाजिक कार्यों से जोड़ना और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना है।

17 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान के दौरान क्षेत्र में विभिन्न जनसेवा गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इनमें मेडिकल कैंप, आंगनवाड़ी वर्कर्स का सम्मान, दिव्यांग बच्चों के लिए सेवा गतिविधियां तथा विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क जैसी पहल शामिल हैं। अभियान के माध्यम से वेलफेयर प्रोग्राम्स के बारे में लोगों को अधिक जागरूक करने और जमीनी स्तर पर व्यापक जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने का भी प्रयास किया जाएगा।

अभियान के तहत 17 सितंबर को केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को दीये वितरित किए गए तथा रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांसद श्री राजिंदर गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की





सार्वजनिक जीवन में 25 वर्षों की यात्रा राष्ट्र निर्माण में सेवा को सर्वोच्च स्थान देने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा, ÷देश की 25 वर्षों की निस्वार्थ सेवा हमें याद दिलाती है कि सेवा एक ज़िम्मेदारी भी है और जीवन जीने का एक तरीका भी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने हमें दिखाया है कि सेवा की भावना किस प्रकार राष्ट्र निर्माण की शक्ति बन सकती है। जब हम ईमानदारी और करुणा के साथ सेवा करते हैं, तो हमारे व्यक्तिगत प्रयास भी एक बड़े राष्ट्रीय उद्देश्य का हिस्सा बन जाते हैं।

'सेवा संकल्प अभियान' के माध्यम से हम इसी भावना को आगे बढ़ा रहे हैं और सेवा के प्रत्येक कार्य को विकसित भारत की दिशा में एक कदम बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

श्री गुप्ता ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से नागरिकों, सामाजिक संगठनों और वालंटियर्स को जनकल्याण एवं सामाजिक सहभागिता से जुड़ी गतिविधियों के लिए एक मंच पर लाकर सेवा की भावना को जमीनी स्तर तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि महीने भर चलने वाला यह अभियान सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने और पात्र लाभार्थियों को उपलब्ध योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ दिलाने में भी सहायक होगा। 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत 17 अक्टूबर तक पूरे क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियां जारी रहेंगी। अभियान का उद्देश्य सेवा, सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक सहभागिता की भावना को मजबूत करना है, ताकि 'विकसित भारत' के संकल्प को जनभागीदारी के माध्यम से आगे बढ़ाया जा सके।

एयर कनाडा की फ्लाइट में बिजनेस क्लास के बदले मिली इकोनॉमी, गिप्पी ग्रेवाल ने एक्स पर जताई नाराजगी

एयरलाइन स्टाफ से सवाल किया तो उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला

- यहीं नहीं समस्या का हल करने के बजाय उन्हें विमान से उतारने की बात कही
- गिप्पी ग्रेवाल ने कहा कि एयरलाइन से कोई अतिरिक्त सुविधा नहीं मांग रहे थे

डेली आवाज भारती

पंजाबी सिंगर और एक्टर गिप्पी ग्रेवाल ने एयर कनाडा की फ्लाइट में अपने साथ हुए अनुभव को लेकर नाराजगी जताई है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क पर पोस्ट कर एयरलाइन पर आरोप लगाया कि उन्होंने बिजनेस क्लास की सीट के लिए भुगतान



किया था, लेकिन उन्हें इकोनॉमी क्लास में सीट दे दी गई। गिप्पी के मुताबिक, जब उन्होंने एयरलाइन स्टाफ से इस बारे में सवाल किया तो उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। उनका कहना है कि स्टाफ ने उन्हें बताया कि अब कुछ नहीं किया जा सकता। गिप्पी ने दावा किया कि उन्होंने सवाल करना जारी रखा तो उन्हें फ्लाइट लेने या छोड़ने की बात कही गई। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनकी समस्या का समाधान करने के बजाय उन्हें विमान से उतारने की बात कही गई। गिप्पी ग्रेवाल ने अपनी पोस्ट में कहा कि वह एयरलाइन से कोई अतिरिक्त सुविधा नहीं मांग रहे थे। मांग सिर्फ इतनी थी कि जिस बिजनेस क्लास सीट के लिए उन्होंने भुगतान किया है, वही सीट उन्हें दी जाए। गिप्पी ने

पोस्ट पर एयर कनाडा ने मांगी माफी

गिप्पी की पोस्ट के बाद एयर कनाडा ने ङ्क पर जवाब दिया और घटना पर खेद जताते हुए माफी मांगी। एयरलाइन ने गिप्पी से अपना बुकिंग रेफरेंस और टिकट पर दर्ज पूरा नाम ष्टरूके जरिए भेजने को कहा, ताकि मामले की जांच की जा सके।हालांकि, एयर कनाडा के जवाब में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि गिप्पी को बिजनेस क्लास से इकोनॉमी में क्यों बैठाया गया और सीट बदलने की स्थिति कैसे बनी।

जिस फ्लाइट को लेकर शिकायत की है, वह एयर कनाडा की ष्ट1504 है। यह फ्लाइट कनाडा के टोरंटो पियर्सन इंटरनेशनल एयरपोर्ट से अमेरिका के न्यूयॉर्क स्थित नेवार्क लिबर्टी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बीच चलती है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें इस मामले में एक साधारण माफी तक नहीं मिली। गिप्पी ने एयरलाइन के रवैये पर निराशा जताते हुए इसे अपना बेहद खराब अनुभव बताया। 16 सितंबर 2026 की इस फ्लाइट का निर्धारित समय टोरंटो से दोपहर 12 बजे उड़ान भरने और दोपहर 1ः35 बजे नेवार्क पहुंचने का था। फ्लाइट के लिए द्बह्लद्बह्लह्य 320 विमान दर्ज था और निर्धारित उड़ान अवधि करीब 1 घंटे 35 मिनट थी। फिलहाल, सीट बदलने की वजह क्या थी, इस पर एयर कनाडा की ओर से विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है।

चंडीगढ़ में बमनुमा चीज से ठेके पर हमला!

एक्टिवा से आए 2 युवक फेंक कर मौके से फरार

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। चंडीगढ़ में शराब के ठेके पर बम जैसे चीज से हमला किया गया है। इसके बाद ठेके के बाहर जोरदार ब्लास्ट हुआ और धुआं उठा। ब्लास्ट होने के बाद ठेके के बाहर अफरा-तफरी मच गई और लोग खुद को बचाने के लिए भागने लगे। घटना को अंजाम देकर युवक फरार हो गए। इस घटना की सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है। जानकारी के मुताबिक यह पूरा मामला 14 सिंतबर का है। शाम करीब 6 बज कर 50 मिनट पर एक्टिवा सवार युवक आए। एक्टिवा सवार युवक ने खिड़की के अंदर विस्फोटक चीज फेंकी पर लोगों के पैरों के पास गिरते ही धमाका हुआ और धुआं-धुआं हो गया। जांच में यह पता लगाया जा रहा है कि हमलावरों का उद्देश्य ठेके को नुकसान पहुंचाना था या कर्मचारियों और ग्राहकों को डराना



आस-पास सुरक्षा बढ़ाने की मांग

ठेका संचालक ने मैनेजर और कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर भी पुलिस से मांग की है। उन्होंने ठेके के आसपास पुलिस गश्त बढ़ाने और रात के समय विशेष निगरानी रखने का आग्रह किया है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग को भी जांच में शामिल करने की मांग की गई है, ताकि हमलावरों के आने-जाने का रास्ता पता चल सके।

था। हालांकि, पुलिस ने अभी यह पुष्टि नहीं की है कि हमलावरों ने वास्तव में बम या विस्फोटक ही फेंका था। घटनास्थल पर धमाका किस कारण हुआ, इसकी जांच की जाएगी। फोरेंसिक जांच और घटनास्थल से जुटाए गए सबूतों के आधार पर ही इसकी पुष्टि होगी।

अमृतपाल के समर्थन में उतरे द ग्रेट खली!

बोले- पंजाब के लिए काम करने का मौका मिले

- खडूर साहिब के सांसद अमृतपाल सिंह को लेकर खली ने अपनी राय रखी
- कहा-अमृतपाल सिंह को राजनीति में काम करने का मौका मिलना चाहिए

डेली आवाज भारती

भाजपा नेता और पूर्व WWE चैंपियन द ग्रेट खली ने पंजाब की सियासत और नशे के मुद्दे को लेकर बड़ा बयान दिया है। 18 सितंबर से शुरू होने वाली नशामुक्त यात्रा से पहले एक इंटरव्यू में खली ने जेल में बंद खडूर साहिब के सांसद अमृतपाल सिंह को लेकर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि अमृतपाल सिंह को राजनीति में काम करने का मौका मिलना चाहिए और पंजाब में नशे के खिलाफ लड़ाई में उन्हें



'अमृतपाल को राजनीति में आने का मौका मिलना ही चाहिए'

इंटरव्यू के दौरान खली ने कहा कि अमृतपाल सिंह के बारे में लगातार नकारात्मक बातें होती हैं, लेकिन उनके मुताबिक यह भी देखा जाना चाहिए कि मौजूदा समय में अमृतपाल किस स्थिति में हैं और उन्हें पंजाब के लिए काम करने का कितना अवसर मिला है। अमृतपाल सिंह को राजनीति में खुलकर काम करने का ज्यादा मौका नहीं मिला और वह जेल चले गए। ऐसे में उन्हें पंजाब के लिए काम करने का अवसर दिया जाना चाहिए।

भी शामिल होना चाहिए। द ग्रेट खली ने अमृतपाल सिंह के सामाजिक कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने पंजाब के युवाओं को पगड़ी बांधने और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया है। खली के मुताबिक, अमृतपाल के इन प्रयासों को पूरी तरह नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।अगर अमृतपाल सिंह जेल से बाहर आते हैं तो वह पंजाब की स्थिति को सुधारने और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए काम कर सकते हैं।

बठिंडा के जय सिंहवाला गांव में मृत युवक मिला, नशे से मौत की आशंका

बठिंडा: जिले के जय सिंहवाला गांव में बुधवार को एक सुनसान स्थान पर एक युवक मृत अवस्था में मिला। स्थानीय लोगों के अनुसार, युवक के हाथ में सिरिंज लगी हुई थी, जिसके बाद नशे की अधिक मात्रा से मौत की आशंका जताई जा रही है। हालांकि मौत के वास्तविक कारण की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मृतक की पहचान रिंपल के रूप में हुई है। बताया गया कि वह दिहाड़ी मजदूरी करता था और उसके परिवार में पत्नी तथा करीब छह महीने का बेटा है। बीआर अंबेडकर वेलफेयर क्लब, जय सिंहवाला के प्रधान जसवंत सिंह ने बताया कि युवक के मिलने की सूचना के बाद गुरुद्वारे से घोषणा करवाई गई। इसके बाद गांव के लोग मौके पर पहुंचे और उसकी पहचान की गई। संगत थाना प्रभारी इंस्पेक्टर हरबंस सिंह के अनुसार, परिवार ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। ऐसे में मौत के कारण की चिकित्सकीय पुष्टि नहीं हो सकी। कुछ ग्रामीणों ने दावा किया कि घटनास्थल के पास चार लोग नशा कर रहे थे और युवक की मौत के बाद तीन लोग वहां से चले गए। पुलिस की ओर से इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं की गई है।

जालंधर में चोरों ने दुकान को बनाया निशाना, तिजौरी से कैश ड्राई फ्रूट्स समेत घी लेकर फरार

शहर में चोरी और आपराध की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही

- ताजा मामला खिंगरा गेट से सामने आया और घटना सीसीटीवी में कैद
- बताया गया है, इस घटना से दुकानदार का 25 हजार नुकसान हो गया
- रात चोरों ने शटर की पत्ती को तोड़कर शटर उखाड़ दिया

डेली आवाज भारती

जालंधर/जतिनः जालंधर में पुलिस के तमाम नाके लगाने के बावजूद शहर में चोरी और आपराध की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला खिंगरा गेट से सामने आया है, जहां चोर चक्की और किरयाने की दुकान को निशाना



बनाते हुए नगदी, ड्राई फ्रूट और देसी घी लेकर मौके से फरार हो गए। यह घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि एक चोर मुंह ढककर दुकान में घुसा और उसे पता था कि ड्राइफ्रूट कहां पर पड़ा है। जिसके बाद बोरी में डालकर ड्राइफ्रूट और देसी घी के डिब्बे डालकर ले गया। वहीं तिजौरी में रखे सारे पैसे ले गए। घटना के बारे में पीड़ित हरजीत सिंह ने बताया कि उनकी चक्की और किरयाने की दुकान है। वह देर रात 9 बजे दुकान के ताले लगाकर गए थे। जिसके बाद आज सुबह पड़ोसियों ने बताया कि दुकान का ताले लगे हुए थे और शटर उखड़ा हुआ था। जब दुकान के अंदर देखा तो तिजौरी में पैसे नहीं थे और ड्राई फ्रूट्स के डिब्बे भी गायब थे। इस घटना से दुकानदार का 25 हजार नुकसान हो गया। उन्होंने आगे बताया कि जब दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को चैक किया तो पता चला कि देर रात करीब ढाई बजे एक बिना नंबर प्लेट की एक्टिवा पर 2 चोर आए। चोर दुकान की तिजौरी से 12 हजार की नगदी, काजू, बादाम और घी समेत कई सामान लेकर मौके से फरार हो गए। हैरानी की बात यह है कि चोरों ने बिना ताले तोड़े घटना को अंजाम दिया। दरअसल, चोरों ने शटर की पत्ती को तोड़कर शटर उखाड़ दिया।

पुलिस से भरोसा उठ गया : हरजीत

दुकानदार का कहना है कि इलाके में आए दिन चोरियां हो रही है। हरजीत ने आगे बताया कि हमारा पुलिस से भरोसा उठ गया है, कुछ दिन पहले ही पड़ोसी दुकानदार की नई एक्टिवा चोरी हो गई थी, उसने शिकायत भी दी, पर बावजूद कोई भी पुलिसकर्मी मौके पर जायजा लेने नहीं आया। इसलिए थाने जाने का कोई फायदा नहीं है। इस कारण पुलिस को शिकायत नहीं दी गई।

17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2026 तक किया जाएगा 'स्वच्छता ही सेवा 2026' अभियान का आयोजन

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़,। भारत सरकार वित्त मंत्रालय के दिशा निर्देशानुसार सभी बैंको द्वारा देशभर में स्वच्छता, जनभागीदारी और स्वच्छता के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'स्वच्छता ही सेवा 2026' अभियान का आयोजन 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2026 तक किया जाएगा। इस वर्ष अभियान की थीम ÷स्वच्छता में सहभाग ङ्क स्वच्छ भारत, विकसित भारत÷ है। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, पंजाब, के उप महाप्रबंधक रामकिशोर मीना द्वारा बताया गया कि इस अभियान के दौरान पंजाब मे नागरिकों, स्थानीय निकायों, सरकारी विभागों, संस्थानों, सामाजिक संगठनों एवं विभिन्न समुदायों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए सार्वजनिक स्थलों, अधिक आवाजाही वाले क्षेत्रों



तथा क्लीननेस टारगेट यूनिट्स (ष्ट्टह्य) में विशेष स्वच्छता सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। अभियान का प्रमुख उद्देश्य जनभागीदारी (छ्वड्डुठ्ठ क्वद्धड्डुद्दद्बस्रड्डुह्वद्ब) को बढ़ावा देना, स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण के साथ-साथ स्वच्छता से समृद्धि (चड्डुड्डुड्डुड्डुस्र ह्यद्द छ्वह्वद्दड्डुस्र-ड्डुड्डुह्यह्वद्द ह्लश ड्डुद्दड्डुद्यह्वद्ध) ' कबो से जुगो - वेस्ट टू वेल्थ' तथा सर्कुलर इकोनॉमी की अवधारणा को प्रोत्साहित करना है। अभियान की शुरुआत, 17 सितंबर को सभी बैंक कर्मचारियो द्वारा स्वच्छता की शपथ से की गई । अभियान के दौरान समावेशिता एवं सामाजिक कल्याण पर केंद्रित विभिन्न विशेष स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। वहीं 1 अक्टूबर को देशभर में सुबह 8 बजे ÷एक दिन, एक घंटा, एक साथ÷ के आह्वान के साथ श्रमदान गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा एवं 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस मनाया जाएगा इसी तरह अभियान के दौरान 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे एवं 'सफाईमित्र सुरक्षा एवं सम्मान शिविर' आयोजित कर स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं कल्याण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इन शिविरों में स्वास्थ्य जांच, आवश्यक सुरक्षा उपकरणों के वितरण तथा अन्य कल्याणकारी गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जाएगा। अभियान के सफल संचालन के लिए आम नागरिकों से भी अपील है कि वे स्वच्छता गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लें, सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने में सहयोग करें तथा स्वच्छता को केवल अभियान तक सीमित न रखते हुए दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं। ÷स्वच्छता में सहभागिता, स्वच्छ भारत की शक्ति है और स्वच्छ भारत, विकसित भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

कांग्रेस में वापसी की अटकलों को सुनील जाखड़ ने किया खारिज, कहा—मैं भाजपा के साथ हूं

- सोशल मीडिया पर चल रही चर्चाओं को बताया झूठा और बेबुनियाद; 2022 में कांग्रेस छोड़ भाजपा में हुए थे शामिल

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। पंजाब भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने कांग्रेस में वापसी की चर्चाओं को खारिज कर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर चल रही ऐसी खबरों को ÷झूठा÷ और ÷बेबुनियाद÷ बताते हुए साफ किया कि वह भारतीय जनता पार्टी के साथ हैं। जाखड़ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि उन्हें कुछ पोस्ट देखने



को मिली हैं, जिनमें उनके दोबारा कांग्रेस में शामिल होने की बात कही जा रही है। उन्होंने कहा कि इन दावों का सच्चाई से कोई संबंध नहीं है और वह भाजपा में बने हुए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ÷सबका साथ, सबका विकास÷ के विचार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी जताई। यह बयान ऐसे समय आया है जब पंजाब में 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो रही हैं। कुछ रिपोर्टों में दावा किया गया था कि कांग्रेस अपने कुछ पुराने नेताओं से संपर्क कर रही है, जिनमें जाखड़ और पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के नाम भी चर्चा में थे। हालांकि जाखड़ ने अपनी ओर से कांग्रेस में लौटने की किसी संभावना से इनकार कर दिया है। सुनील जाखड़ पहले पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष रह चुके हैं। उन्होंने मई 2022 में कांग्रेस नेतृत्व से मतभेदों के बाद पार्टी छोड़ दी थी और कुछ ही दिनों बाद भाजपा में शामिल हो गए थे। बाद में उन्हें पंजाब भाजपा का अध्यक्ष बनाया गया। मई 2026 में भाजपा ने केवल सिंह ढिल्लों को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया। जाखड़ की इस सफाई के बाद उनके कांग्रेस में लौटने को लेकर चल रही सोशल मीडिया अटकलों पर फिलहाल विराम लग गया है।

CMYK